

# सब का सपना



निष्पक्ष व निडर- हिंदी दैनिक समाचार पत्र

बुमराह ने ठुकराई जोकर वाली शैली -पेजः 7

वीर पहाड़िया को डेट कर रही है तारा सुतारिया -पेजः 8

वर्षः 01 | अंकः 54 | सोमवार- 2 जून 2025 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 4 रुपए


## संक्षिप्त समाचार

### एयर मार्शल खन्ना ने दक्षिणी वायु कमान के एओसी-इन-सी का पदभार संभाला

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** विभिन्न लड़ाकू और प्रशिक्षक विमानों पर 4,000 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव रखने वाले कुशल अधिकारी एयर मार्शल मनीष खन्ना ने रविवार को दक्षिणी वायु कमान का पदभार ग्रहण किया। सरकार ने एक बयान में कहा कि उन्हें 6 दिसंबर 1986 को भारतीय वायुसेना की लड़ाकू शाखा में कमीशन दिया गया था। इसमें कहा गया है, ''एयर मार्शल मनीष खन्ना अति विशिष्ट सेवा मेडल (एवीएसएम), वायुसेना मेडल (वीएम), ने 1 जून 2025 को तिरुवनंतपुरम में एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (एओसी-इन-सी) के रूप में दक्षिणी वायु कमान (एसएसी) की कमान संभाली।''



### सीबीआई ने रिश्वत मामले में आईआरएस अधिकारी को गिरफ्तार किया

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने करदाता सेवा निदेशालय में तैनात अतिरिक्त महानिदेशक अमित कुमार सिंघल को 25 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के 2007 बैच के अधिकारी सिंघल ने कथित तौर पर कुल 45 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। उन्होंने कहा कि 25 लाख रुपये की पहली किस्त शनिवार को मोहाली स्थित उनके आवास पर पहुंचाई जा रही थी। उन्होंने बताया कि रिश्वत मांगने के संबंध में शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने जाल बिछाया और हर्ष कोटक नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जो सिंघल के मोहाली स्थित आवास पर उनकी ओर से कथित तौर पर रिश्वत ले रहा था।




### दिल्ली की मुख्यमंत्री दो दिवसीय यात्रा पर उत्तराखंड रवाना

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अपने कार्यकाल के 100 दिन पूरे करने के बाद रविवार को उत्तराखंड की दो दिवसीय यात्रा पर रवाना हुईं। सूत्रों ने बताया कि इस यात्रा में उनका परिवार भी उनके साथ है। गुप्ता रविवार को हरिद्वार में रहेंगी जहां वह हर की पौड़ी पर गंगा में स्नान करेंगी। वह हरिद्वार में एक धर्मशाला का उद्घाटन करेंगी और शाम को ऋषिकेश में गंगा आरती में भी हिस्सा लेंगी। सूत्रों ने बताया कि सोमवार को उनके केदारनाथ जाने की संभावना है। दिल्ली में गुप्ता के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार ने शुक्रवार को सत्ता में 100 दिन पूरे कर लिए। भाजपा ने इस साल फरवरी में हुए विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की और दिल्ली में 27 साल बाद सरकार बनाई। रेखा ने 20 फरवरी को रामलीला मैदान में आयोजित समारोह में अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ दिल्ली की मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली थी।



# शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री बनकर इतिहास रचने को तैयार

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** भारत के शुभांशु शुक्ला एक्सिओम स्पेस के चौथे वाणिज्यिक मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए अपनी पहली अंतरिक्ष उड़ान के लिए तैयार हैं। एक्सिओम मिशन 4 (एक्स-4) आठ जून को फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया जाना है।

ड्रैगन अंतरिक्ष यान का प्रक्षेपण फ्लोरिडा स्थित नासा के अंतरिक्ष केंद्र से भारतीय समयानुसार शाम 6:41 बजे से पहले नहीं होगा। इस प्रक्षेपण के साथ ही शुक्ला लगभग चार दशक बाद अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय बन जाएंगे। राकेश शर्मा ने 1984 में रूस के सोयूज अंतरिक्ष यान से अंतरिक्ष की यात्रा की थी।



एक्सिओम-4 मिशन के पायलट शुक्ला के अलावा, अन्य चालक दल में पोलैंड से स्लावोस्ज उजनांस्की-विस्नीवस्की और हंगरी से टिबोर कापू शामिल हैं, जो इतिहास में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की दोनों यूरोपीय देशों की पहली यात्रा और 40 वर्षों में दूसरा सरकार प्रायोजित मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है। अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन एक्सिओम-4 मिशन की कमांडर होंगी।

शुक्ला ने जनवरी में संवाददाता सम्मेलन में कहा था, ''मैं सूक्ष्मगुरुत्व क्षेत्र में जाने और अकेले अंतरिक्ष उड़ान का अनुभव करने के लिए सचमुच बहुत उत्साहित हूं।''

अंतरिक्ष यात्री कक्षा में स्थित प्रयोगशाला में 14 दिन तक बिताने की योजना बना रहे हैं, जहां वे विज्ञान और वाणिज्यिक गतिविधियों का संचालन करेंगे।

एक्स-4 अंतरिक्ष यात्री आईएसएस में अपने 14 दिवसीय प्रवास के दौरान 31 देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए लगभग 60 वैज्ञानिक अध्ययन और गतिविधियां करेंगे।

शुक्ला नासा के सहयोग से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) के बीच सहयोग के तहत विकसित विशेष खाद्य और पोषण संबंधी प्रयोगों का संचालन करने के लिए तैयार हैं।

इन प्रयोगों का उद्देश्य भविष्य में लम्बी अवधि की अंतरिक्ष यात्रा के लिए आवश्यक अंतरिक्ष पोषण और आत्मनिर्भर जीवन समर्थन प्रणालियों का विकास करना है।

# अहिल्याबाई से प्रेरित भारतीय सेना ने पाकिस्तानी हवाई रक्षा प्रणाली को ध्वस्त कियाः मुख्यमंत्री योगी

**आगरा/लखनऊ (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई ने मालवा साम्राज्य को आत्मरक्षा के गुण सिखाए और आज भारत की सेना उसी प्रेरणा से ''सर्जिकल स्ट्राइक'' और हवाई हमले करती है।

वह रविवार को यहां 'लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान-2025' के तहत आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा, "लोकमाता ने मालवा साम्राज्य को आत्मरक्षा के गुण सिखाए। आज भारत की सेना उसी प्रेरणा से सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमले करती है।" उन्होंने कहा कि "जब पाकिस्तान आतंकियों को पालता है, तो भारत घुसकर मारता है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान की वायु रक्षा



प्रणाली को ध्वस्त कर दुश्मन को झुकने के लिए मजबूर किया। यह लोकमाता के विराट व्यक्तित्व की प्रेरणा का परिणाम है।" उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर मालवा साम्राज्य की महारानी थीं, जिसका विस्तार मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के कुछ क्षेत्रों तक था। मुगल कालखंड में जब विदेशी आक्रांताओं ने भारत की अस्मिता और आस्था के प्रतीकों, खासकर मंदिरों को नष्ट और भ्रष्ट किया, तब देवी अहिल्याबाई ने ढाई सौ साल पहले इनके पुनरुद्धार का महान कार्य किया। उन्होंने इस समारोह को लोकमाता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का एक माध्यम बताया।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, उनकी पत्नी सुदेश धनखड़ और हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय का आगरा में हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब समाज अपने राष्ट्रनायकों और नायिकाओं से प्रेरणा लेता है, तो कोई भी ताकत उसके मार्ग में बाधा नहीं बन सकती।

लोकमाता अहिल्याबाई का विराट व्यक्तित्व इसका जीवंत उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने बताया कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर जी के कार्यों से प्रेरित होकर 'डबल इंजन' की सरकार तमाम योजनाएं सांचालित कर रही है।

मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश में हुए बदलावों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पहले कुछ लोग माफिया को पालते थे, जो कानून व्यवस्था के लिए संकट पैदा करते थे। लेकिन आज 'डबल इंजन' की सरकार ने लोकमाता के नाम पर औरैया में मेडिकल कॉलेज का नामकरण किया।

## उपराष्ट्रपति ने की योगी आदित्यनाथ की अहिल्याबाई होल्कर से तुलना

**आगरा (उप्र) (एजेंसी)** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तुलना राजमाता अहिल्याबाई होल्कर से करते हुए रविवार को कहा कि अहिल्याबाई की सोच ''विधि की रचना'' की तरह आदित्यनाथ में आ गई है और आने वाली पीढ़ियां मुख्यमंत्री के कार्यों को उसी तरह याद करेंगी जैसे हम आज लोकमाता अहिल्याबाई के कामों की करते हैं।

धनखड़ ने अहिल्याबाई होल्कर के 300वें जयंती वर्ष के स्मृति अभियान के तहत यहां आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती महज एक तारीख या ऐतिहासिक घटना नहीं है। उन्होंने कहा, ''यह हम सबके लिए जीवन दर्शन है। उस कठिन समय में वह महान भारत की परंपरा की प्रतिनिधि थीं जहां धर्म, संस्कृति और शासन एक ही धारा में प्रवाहित होते थे।''

उन्होंने कहा, ''लोकमाता अहिल्याबाई ने मंदिर बनवाए।



सोमनाथ, काशी विश्वनाथ, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, बद्रीनाथ, केदारनाथ, रामेश्वरम और न जाने कितने मंदिर उनके हाथ से संजीवित हुए। ऐसे मौके पर मैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के संदर्भ में भी कहना चाहूंगा जो लोक माता अहिल्याबाई होल्कर ने किया, उत्तर प्रदेश के आज के मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश की काया पलट दी। काशी विश्वनाथ, अयोध्या और सभी जगह काम हुआ। आने वाली पीढ़ियां मुख्यमंत्री के इस काम को उसी तरीके से स्मरण करेंगी, जिस तरीके से हम आज लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को याद करते हैं।''

उपराष्ट्रपति ने कहा, ''मैं यह मानकर चलता हूं कि अहिल्याबाई की सोच विधि की रचना की तरह योगी आदित्यनाथ में आ गई है। योगी आदित्यनाथ ने जो कार्य करके दिखा दिया है, मेरी बात को याद रखिए यह आसान नहीं था, चुनौतीपूर्ण था और हर चुनौती पर खरे उतारते हुए, कसौटी को पार करते हुए उन्होंने ऐसा काम किया है जो आने वाली पीढ़ियां सदियों तक याद रखेंगी।''

उन्होंने कहा, ''हमारी संस्कृति का सृजन और संरक्षण हमारे लिए बहुत अहम है। जब औरंगजेब की क्रूरता ने, आक्रांताओं ने काशी विश्वनाथ मंदिर पर प्रतिघात किया, कुठाराघात किया, उसके 100 वर्ष बाद अहिल्याबाई होल्कर ने दूरदर्शिता दिखाते हुए काशी विश्वनाथ में मंदिर बनवाया। उस काशी विश्वनाथ में जो चमत्कारी परिवर्तन आया है उससे पूरा देश अभिभूत है। उसके घाटों का जब हम अवलोकन करते हैं तो क्या दृश्य उत्पन्न होता है। यह नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आपके प्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने किया है। यह आसान नहीं था, पर करके दिखा दिया।''

धनखड़ ने कहा कि आज का उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक विरासत के सृजन और संरक्षण का अद्भुत उदाहरण बन गया है और कल्पना से परे चमत्कारिक काम यहां हुआ है। उन्होंने कहा, ''इसकी शुरुआत 2014 में हुई थी जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काशी को अपना राजनीतिक क्षेत्र चुना।

## सजा सुनाए जाने के बाद अब्बास अंसारी की विधान सभा सदस्यता खत्म


**लखनऊ (एजेंसी)** नफरत भरा भाषण देने के मामले में दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद उत्तर प्रदेश की मऊ सदर सीट से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक अब्बास अंसारी की विधानसभा की सदस्यता समाप्त कर दी गई है।

विधानसभा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि अब्बास अंसारी की विधानसभा सदस्यता खत्म कर दी गई है और मऊ सदर सीट को रिक्त घोषित कर दिया गया है।

मऊ सदर सीट से सुभासपा के विधायक और पूर्व बाहुबली राजनेता मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को विशेष एमपी-एमएलए अदालत ने नफरत भरे भाषण के मामले में दोषी करार देते हुए शनिवार को दो साल की सजा सुनायी थी।

इस बीच, सुभासपा प्रमुख और उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, "वह (अब्बास अंसारी) पार्टी के विधायक हैं। अदालत ने अपना फैसला सुना दिया है। हम अपना पक्ष रखने के लिए उच्च न्यायालय का रुख करेंगे।"

अभियोजन पक्ष के अनुसार पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान



मऊ सदर सीट से सुभासपा के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव मैदान में उतरे अब्बास अंसारी ने तीन मार्च 2022 को पहाड़पुर मैदान में एक जनसभा के दौरान मऊ प्रशासन को चुनाव के बाद हिसाब-किताब करने और सबक सिखाने की धमकी दी थी। बचाव पक्ष के वकील दारोगा सिंह के मुताबिक इस मामले में अंसारी के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 189 (लोक सेवक को क्षति पहुंचाने की धमकी), 153 ए (धर्म, जाति, जन्मस्थान, निवास और भाषा के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना और सद्भाव को बिगाड़ना), 171 एफ (चुनाव में अनुचित प्रभाव डालना) और 506 (आपराधिक धमकी देना) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

## निर्वाचन आयोग ने दो दशक में पहली बार उपचुनाव के लिए मतदाता सूची में संशोधन किया

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** निर्वाचन आयोग ने लगभग दो दशक में पहली बार पांच विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव कराने के लिए मतदाता सूची में संशोधन किया है ताकि मतदाता सूची को ''त्रुटिरहित'' बनाया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि पिछली बार उपचुनाव के लिए मतदाता सूची में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण तमिलनाडु में 2006 में किया गया था।

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के प्रावधानों का हवाला देते हुए अधिकारियों ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश दिए जाने पर प्रत्येक चुनाव और उपचुनाव से पहले मतदाता सूची में संशोधन किया जाना चाहिए।

उन्होंने कानून का हवाला देते हुए कहा कि यदि मतदाता सूची में संशोधन नहीं किया जाता है, तो उक्त मतदाता सूची की वैधता प्रभावित नहीं होगी। वर्तमान मतदाता सूची की वैधता विशेष संशोधन के पूरा होने तक बरकरार रहती है।

अधिकारियों ने रेखांकित किया कि यह आयोग पर निर्भर करता है कि आवश्यकता के आधार पर मतदाता सूची में संशोधन किया जाना है या नहीं।

## शाह ने कोलकाता के निकट केंद्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के नए भवन का उद्घाटन किया

**कोलकाता, (एजेंसी)** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कोलकाता के निकट राजारहाट में केंद्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) के नए भवन का रविवार को उद्घाटन करते हुए कहा कि इससे पूर्वी और पूर्वोत्तर राज्यों में जटिल मामलों की जांच के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाने में मदद मिलेगी।

शाह ने कहा कि यह प्रयोगशाला सुरक्षित, पारदर्शी और साक्ष्य-आधारित आपराधिक न्याय प्रणाली बनाने के केंद्र सरकार के दीर्घकालिक प्रयासों की दिशा में मील का पत्थर है। उन्होंने कहा, ''यह अत्यंत संतुष्टि का क्षण है क्योंकि हम आधुनिक फॉरेंसिक एवं जांच संबंधी



बुनियादी ढांचे की श्रृंखला में प्रत्येक कड़ी को मजबूत करना जारी रखे हुए हैं।''

शाह ने कहा, ''यह प्रयोगशाला पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर में आपराधिक न्याय प्रणाली को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान देगी।''

गृह मंत्री ने आपराधिक कानूनों में हाल में किए गए सुधारों के प्रभाव का भी उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) लागू होने के बाद ''हमने 60 प्रतिशत मामलों में 60 दिन के भीतर आरोपपत्र दायर होते हुए देखे हैं।''

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, तमिलनाडु, राजस्थान, केरल और बिहार में सात और सीएफएसएल प्रयोगशालाएं स्थापित करने की योजना बना रही है।

पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर आए शाह यहां नेताजी इनडोर स्टेडियम में पार्टी सम्मेलन के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं और पदाधिकारियों से भी बातचीत करेंगे।

# पूर्व डीजीपी की किताब में पीएमओ द्वारा कैटरर का बिल नामंजूर करने से लेकर योगी आदित्यनाथ तक के किस्से

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक ओ पी सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान के अनुभवों को एक किताब की शक्ल दी है जिनमें उन्होंने अनेक रोचक घटनाओं का जिक्र किया है।

इनमें 80 के दशक की शुरुआत में एक मुफस्सिल (ग्रामीण) इलाके में प्रधानमंत्री के दल को खाना खिलाने वाले एक कैटरर को मेन्यू में चिकन का उल्लेख होने के कारण 7,000 रुपये का बिल देने से मना करने और सर्दियों की एक सुबह प्रशासन द्वारा गृह मंत्री का स्वागत करना भूल जाने जैसे किस्से हैं। साथ ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भी इसमें एक अध्याय है। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 1983 बैच के अधिकारी ने अपने 37 साल के करियर के अनुभवों को 'थ्रू माई आईजः स्केचेस फ्रॉम ए कॉप्स नोटबुक' नामक पुस्तक में लिखा है।

वह केंद्र में सीआईएसएफ और एनडीआरएफ जैसे बलों का नेतृत्व करने के बाद जनवरी 2020 में उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पद से सेवानिवृत्त हुए।

पिछले साल, वह अपना संस्मरण 'क्राइम, ग्राइम एंड गम्पशनः केस फाइल्स ऑफ एन आईपीएस ऑफिसर' लेकर आए थे। सिंह ने कहा, ''यह पुस्तक ऐसे क्षणों का संग्रह है - जिसमें मेरे जीवन के-मेरे बचपन से लेकर पुलिस सेवा में मेरे



कार्यकाल के वर्षों के किस्से हैं।'' सिंह ने पुस्तक में लेखक की टिप्पणी के तौर पर लिखा है कि पुस्तक को पढ़ना 'एक पुराने फोटो एल्बम को पलटने जैसा है'।

साल 1985 की गर्मियों की एक घटना को साझा करते हुए सिंह, जो उस समय मुरादाबाद जिले में नए-नए प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी के तौर पर पहुंचे थे, उस दिन को याद करते हैं जब वह सिटी मजिस्ट्रेट और डीएसपी के साथ रेलवे स्टेशन के पास एक कप चाय के लिए एक रेस्तरां में गए थे।

घटना के अनुसार एक आदमी उनके सामने खड़ा था जो 'हाथ जोड़कर अभिवादन कर रहा था, सिर थोड़ा झुका हुआ था, उसके चेहरे पर सम्मान और हताशा का मिश्रण था'।

सिंह ने जानना चाहा कि वह कौन है? उन्होंने लिखा, ''जैसा कि पता चला, वह व्यक्ति पेशे से कैटरर था। कई साल पहले, जब चौधरी चरण सिंह प्रधानमंत्री थे, तो उन्हें इस जिले की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री के दल के लिए भोजन उपलब्ध कराने का काम सौंपा गया था।''

सिंह लिखते हैं, ''जिला प्रशासन द्वारा की गई भव्य व्यवस्था के तहत, उन्होंने अधिकारियों, मेहमानों और कर्मचारियों के लिए भोजन तैयार किया और परोसा।'' उन्होंने यात्रा के बाद 7,000 रुपये का 'मामूली' बिल पेश किया और परोसे गए व्यंजनों में 'चिकन' का भी उल्लेख किया।

सिंह के अनुसार, ''इसके बाद जो हुआ वह नौकरशाही की जिम्मेदारी इधर-उधर डालने का एक वास्तविक मामला था। यह बिल, जो देखने में बहुत ही सीधा सा लग रहा था, ने सरकारी अधिकारियों की भूलभुलैया से होते हुए अपनी लंबी और घुमावदार यात्रा शुरू की।

## संपादकीय

# रक्षा अनुबंधों में समय की पाबंदी जरूरी

निस्संदेह, राष्ट्र की सुरक्षा से जुड़ी सुरक्षा उत्पादों की आपूर्ति में किसी भी लेट-लतीफी को बेहद गंभीरता से लिया जाना चाहिए। खासकर ऐसे वक्त में जब देश की दो तरफ की सीमाओं पर सुरक्षा चुनौतियां बरकरार हैं। इसी आलोक में एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह की चिंताओं से सहमत हुआ जा सकता है। हाल ही में उन्होंने कहा था कि मेरे ख्याल से एक भी परियोजना तय सीमा पर पूरी नहीं होती है। निस्संदेह, यह कथन देश की स्वदेशी उत्पादों की रक्षा तैयारियों में विलंब की प्रवृत्ति की ओर इशारा करता है। देश के नेताओं का स्वदेशी सुरक्षा उत्पादों की जरूरत पर बल देना निस्संदेह, सराहनीय कदम है, लेकिन सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर उनकी समय पर आपूर्ति भी सुनिश्चित करने की जरूरत है। खासकर तेजस लड़ाकू विमान व आकाश मिसाइल प्रणाली, के बावजूद लगातार होने वाली देरी परिचालन तत्परता को बाधित करती है। निस्संदेह, लेट-लतीफी की यह प्रवृत्ति आधुनिकीकरण को पटरी से भी उतार सकती है। दरअसल, यह देरी, जो अकसर अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के चरण में ही स्वीकार कर ली जाती है, कालांतर प्रणालीगत जड़ता और अति-वायदे की संस्कृति को ही उजागर करती है। हमारे पड़ोसी देशों में तेजी से होते सैन्य आधुनिकीकरण और युद्ध तैयारियों में गहन तकनीक के इस्तेमाल होने के चलते, हमें इस सुस्ती की बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है। निर्विवाद रूप से यह महज बजट या नौकरशाही की लालफीताशाही का मामला भर नहीं है। वास्तव में यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा एक बेहद संवेदनशील विषय है। निस्संदेह, सरकार की ओर से घेरलू रक्षा उत्पादकता को बढ़ावा देने की पहल एक स्वागत योग्य कदम है। विगत के संकटकाल के दौरान देखने में आया है कि युद्ध व चुनौतिपूर्ण स्थितियों में हम विदेशों में अपनी जरूरत का सामान तलाशते रहे हैं। कई देशों ने मुश्किल वक्त में सामान की आपूर्ति में ना-नुकुर भी की है। कारगिल युद्ध के समय भी कुछ ऐसे अनुभव देखने में आए थे।

राजग सरकार का घरेलू रक्षा उत्पादन की तरफ बढ़ाया गया कदम निस्संदेह सराहनीय है। यह उत्साहजनक है कि हमारा घरेलू रक्षा उत्पादन कुल रक्षा जरूरतों का 65 प्रतिशत हो गया है, रक्षा निर्यात 24,000 करोड़ रुपये तक बढ़ गया है। साथ ही सार्वजनिक-निजी उत्पादन का संतुलन धीरे-धीरे पक्ष में जा रहा है। वहीं आईडीईएक्स जैसी योजनाएं नवाचार को बढ़ावा दे रही हैं। उल्लेखनीय है कि अब निजी क्षेत्र कुल रक्षा उत्पादन में 21 फीसदी का योगदान दे रहा है। लेकिन जब जरूरी रक्षा उत्पादों की आपूर्ति समय पर नहीं हो पाती, तो यह हमारी रणनीतिक स्वायत्तता के लिये असहज स्थिति पैदा कर देती है। दरअसल, यह स्थिति इस घरेलु उद्योग की संरचनात्मक विसंगतियों को दूर करने की जरूरत बताती है। इस दिशा में ध्यान देने की महती जरूरत है कि कच्चे माल की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही शोध व अनुसंधान तथा विकास के लिये पर्याप्त आर्थिक संसाधन समय रहते उपलब्ध कराए जाएं। यह दृष्टव्य है कि देश के 6.81 लाख करोड़ रुपये के रक्षा बजट में मात्र 1.8 लाख करोड़ रुपये की राशि आधुनिकीकरण के लिए निर्धारित की गई है।

उसमें शोध-अनुसंधान व विकास के लिये निर्धारित राशि आधुनिकीकरण के बजट में 3.94 फीसदी ही है। निश्चित रूप से जब तक इस वित्तीय संसाधनों के संतुलन को दुरुस्त नहीं किया जाता, तब तक हम समय की चुनौती का मुकाबला करने में सक्षम नहीं हो पाएंगे। निस्संदेह, देश के रक्षा क्षेत्र के तीन सार्वजनिक उपक्रमों यानी डीपीएसयू को 'मिनी रत्न' घोषित करना स्वागत योग्य कदम है।

# नक्सलवाद पर लगाम की ओर बढ़ते कदम



» प्रो. संजय द्विवेदी
लेखक माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल में जनसंचार विभाग के आचार्य एवं अध्यक्ष हैं।

**मोदी सरकार ने साल 2014 में जब सत्ता संभाली थी, तब देश के 70 जिलों में नक्सलवाद का बड़ा असर था। भारतीय जनता पार्टी ने साल 2014 के चुनाव घोषणा पत्र में नक्सलवाद पर लगाम को अपने प्रमुख कार्यक्रम में शामिल किया था।**

नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षा बलों के संघर्ष में बीती 21 मई को नया इतिहास रचा गया। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के जंगल में सुरक्षा बलों ने सीपीआई (माओवादी) के महासचिव और सर्वोच्च कमांडर नंबाला केशव राव उर्फ बासवराजू को मार गिराया। उसके साथ 26 और नक्सली मारे गए। इसके कुछ दिन बाद झारखंड में भी तीन नक्सली मारे गए। केंद्र सरकार ने मार्च 2026 के अंत तक नक्सलवाद के देश से सफाये का लक्ष्य रखा है। नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों के लगातार कसते शिकंजे का संकेत भी कुछ ऐसा ही है।



नक्सलवाद के उभार के बाद से यह पहला मौका है, जब कोई सर्वोच्च नक्सली कमांडर और महासचिव स्तर का व्यक्ति मारा गया हो। गृहमंत्री अमित शाह ने इसे अपने बयान में रेखांकित भी किया। इस घटना के तुरंत बाद एक बयान में अमित शाह ने इस मुठभेड़ को नक्सलवाद खत्म करने की लड़ाई में ऐतिहासिक उपलब्धि बताने में हिचक नहीं दिखाई। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ तीन दशकों की लड़ाई में महासचिव स्तर के नेता को हमारे सुरक्षा बलों ने मार गिराया है। केशव राव उर्फ बासवराजू को जिस ऑपरेशन के जरिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस औ छत्तीसगढ़ पुलिस ने मार गिराया, उसे सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट नाम दिया है। छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र तक फैले जंगलों में जारी इस ऑपरेशन के तहत जहां 54 नक्सली गिरफ्तार किए जा चुके हैं, वहीं 84 नक्सलियों ने समर्पण किया है। जिस तरह धड़ाधड़ सफल मुठभेड़ हो रही है, नक्सली समर्पण कर रहे हैं या फिर गिरफ्तार किए जा रहे हैं, उससे अमित शाह का उम्मीद रखना बेमानी भी नहीं है।

मोदी सरकार ने साल 2014 में जब सत्ता संभाली थी, तब देश के 70 जिलों में नक्सलवाद का बड़ा असर था। भारतीय जनता पार्टी ने साल 2014 के चुनाव घोषणा पत्र में नक्सलवाद पर लगाम को अपने प्रमुख कार्यक्रम में शामिल किया था। इसके एक साल पहले ही 25 मई 2013 को छत्तीसगढ़ की झीरम घाटी में राज्य कांग्रेस के तकरीबन समूचे नेतृत्व को नक्सलियों ने निशाना बना दिया था। उससे उपजा क्षोभ ताजा था। वैसे भी सैद्धांतिक रूप से भारतीय जनता पार्टी माओवादी हिंसा के खिलाफ कठोर कार्रवाई की हमेशा से पक्षधर रही है। कह सकते हैं कि इसी वजह से साल 2014 के चुनाव घोषणा पत्र में नक्सलवाद पर लगाम को पार्टी ने अपना प्रमुख कार्यक्रम घोषित कर रखा था।

गौर से देखेंगे तो पाएंगे कि नक्सलवाद का प्रभाव उन इलाकों में ज्यादा तेजी से बढ़ा, जहां जंगल थे, जहां आदिवासी समुदाय का निवास ज्यादा था, जहां शिक्षा का प्रसार कम था। यह सच है कि आधुनिक सभ्यता की सहयोगी आधुनिक व्यवस्था की निगाह जल-जंगल आदि प्राकृतिक संसाधनों के जरिए मुनाफाखोरी पर रही है। इस वैचारिकी का स्थानीय लोगों में प्रचार के जरिए नक्सलवाद ने अपनी गहरी पैठ बनाई। नक्सलवाद बुनियादी रूप से आधुनिक चीन के संस्थापक माओत्से तुंग की विचारधारा से प्रेरित है। जिनकी मान्यता थी कि सत्ता बारूद से निकलती है। नक्सलवाद या माओवादी सोच के मूल में हिंसा की अवधारणा है। जिसके अनुसार बदलाव भी हिंसा के जरिए ही आता है। वैचारिकी तक अगर माओवाद सीमित रहता तो गनीमत थी। लेकिन माओवादी कमांडरों ने बाद में अपने प्रभाव वाले इलाकों में अपनी ताकत का इस्तेमाल वसूली और मोटी कमाई के लिए करना शुरू कर दिया। तब से उनके प्रति समर्थन घटने लगा।

नक्सली अपने प्रभाव क्षेत्र में अक्सर विकास के आधुनिक माध्यमों और प्रतीकों मसलन रेलवे लाइन, स्टेशन, डाकघर, स्कूल आदि को निशाना बनाते रहे। धीरे-धीरे उनके इस कृत्य को स्थानीय निवासी विकास विरोधी मानने लगे। जैसे-जैसे स्थानीय लोगों की यह समझ बढ़ी, नक्सलियों का समर्थक आधार कमजोर होता गया। उनके समर्थक आधार को कमजोर करने में उनके द्वारा व्यापक स्तर पर किए गए नरसंहारों ने भी बड़ी भूमिका निभाई। झीरम घाटी के नक्सली हमले में जहां तीस से ज्यादा लोग मारे गए थे, 6 अप्रैल 2010 को छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के ताड़मेटला के जंगलों में नक्सलियों ने घात लगाकर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 75 और जिला बल के एक जवान को बारूदी सुरंग में उड़ा दिया था।

इन हत्याओं के बाद नक्सली हिंसा को लेकर सवाल उठने लगा। नक्सलियों के समर्थक बौद्धिक तबके के लिए उनके बचाव में बोलना आसान नहीं रह गया। ताड़मेटला कांड के बाद तो उनके खिलाफ वायुसेना की कार्रवाई की मांग उठी थी, तब नक्सलियों के बौद्धिक समर्थकों ने इसका विरोध किया था। इस विरोध के चलते तत्कालीन मनमोहन सरकार ने नक्सली हिंसा को काबू करने के लिए सैनिक कार्रवाई को टाल दिया था।

मोदी सरकार की नजर में माओवादी हिंसा आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा थी। वैसे मोदी सरकार को पता था कि नक्सलियों पर ऐसी कार्रवाई का एक बड़ा बौद्धिक वर्ग विरोध करेगा। इसलिए नक्सली हिंसा पर लगाम के लिए दोतरफा कार्रवाई शुरू की। एक तरफ नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सुरक्षा बलों के बीच तालमेल बढ़ाने और नक्सल विरोधी खुफिया तंत्र को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।

वहीं दूसरी तरफ समावेशी विकास का पहिया तेजी से दौड़ाने की कोशिश की गई। इसमें सामुदायिक भागीदारी को भी बढ़ावा दिया गया। इस रणनीति के जरिए माओवादी आंदोलन को सुनियोजित तरीके से कमजोर करने में कामयाबी मिली। इससे माओवादियों के हाथों होने वाली हिंसा में कमी आई। लोगों में भय का माहौल कम हुआ।

## मुद्दा

# ट्रंप व एलन मस्क के बीच बढ़ती दूरियों के मायने समझिए!

» कमलेश पांडे

'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' के स्वप्नद्रष्टा और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और स्पेसएक्स और टेस्ला प्रमुख अमेरिकी टेक अरबपति एलन मस्क के बीच उपजा मनमुटाव देश-दुनिया के पूंजीवादी लोकतांत्रिक सियासत और प्रशासन के लिए शोध का विषय है। क्योंकि इसका असर न केवल अमेरिका के लोगों बल्कि पूरी दुनिया के मनोमस्तिष्क पर पड़ना लाजिमी है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप व एलन मस्क के बीच बढ़ती दूरियों के राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मायने आईने की तरह साफ हैं! जिसे समझने की जरूरत है, क्योंकि ट्रंप दुनिया के थानेदार समझे जाते हैं।

हालांकि, इनके बीच की दरकती हुई दोस्ती से वह भारतीय कहावत पुनः चरितार्थ हुई है जिसमें अक्सर नेताओं संग दोस्ती की तुलना वैश्या संग प्रेम से की जाती है, यानी कि क्षणभंगुर समझा जाता है। समझा जाता है कि वेश्यागामी की संपत्ति लूट जाने के बाद या वेश्याओं के जीवन में किसी अन्य धनाढ्य व्यक्ति के प्रवेश पा लेने के पश्चात उसका पहले वाला प्रेम जिस प्रकार से समाप्त हो जाता है। कुछ वैसा ही हश्र नेताओं के साथ यारी-दोस्ती रखने वाले व्यक्तियों/कार्यकर्ताओं का होता है, क्योंकि जब वह किसी नेता के लिए व्यक्ति प्रबंधन, बूथ प्रबंधन या कार्यदक्षता प्रबंधन के लायक नहीं रह जाता है तो फिर नेता भी उससे मुख मोड़ लेता है। उसके कोई काम नहीं करता और न ही आगे बढ़ने देता है। मेरा मानना है कि ट्रम्प की शातिर सियासी टीम ने उद्योगपति ऐलन मस्क के साथ भी कुछ वैसा ही किया होगा, जैसा कि आमतौर भारतीय राजनीति में नेताओं के शागिर्द गुल खिलाते रहते हैं।

आपको बता दें कि नेताओं के शागिर्द में देशी-विदेशी बड़े-बड़े नेता, अधिकारी, उद्योगपति, सामाजिक हस्तियां, चर्चित सेलिब्रिटी, पत्रकार, अधिवक्ता, अपने-अपने पेशे के सफल पेशेवर आदि होते हैं, जिनके बीच एक दूसरे की उड़ती पतंग काटने की होड़ मची रहती है। इसलिए समझदार लोग नेताओं से याराना या नेताईन से यारी रखने के दौरान बेहद चौकन्ने रहते हैं। यही वजह है कि स्पेसएक्स और टेस्ला प्रमुख अमेरिकी टेक अरबपति एलन मस्क ने ट्रंप प्रशासन के डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डीओजीई) यानी खर्च कटौती विभाग से अलग होने का एलान किया है।

दरअसल, 29 मई 2025 दिन गुरुवार को मस्क ने एक्स पर लिखा, ₹विशेष सरकारी कर्मचारी के रूप में मेरा तय समय पूरा होने पर, मैं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने मुझे फालतू खर्च को कम करने का मौका दिया।₹ उल्लेखनीय है कि उन्हें 'स्पेशल गवर्नमेंट एम्प्लाई' का दर्जा मिला था जिसके तहत हर साल 130 दिनों तक उन्हें संघीय नौकरी में रहने की इजाज़त थी। इस साल 20 जनवरी को ट्रंप के शपथ ग्रहण से जोड़ा जाये तो वैसे भी उनके कार्यकाल की सीमा 31 मई 2025 के अंत में ख़त्म होने वाली थी।

अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार बताते हैं कि मस्क का सरकार से बाहर निकलना दरअसल ट्रंप के बजट से 'निराशा' जताने के बाद हुआ, जिसमें मल्टी-ट्रिलियन डॉलर की टैक्स छूट और रक्षा खर्च को बढ़ावा देने वाले प्रस्ताव मौजूद हैं। जहां ट्रंप ने अपने बजट बिल को 'बड़ा और सुंदर' बताया था, वहीं मस्क ने इस बिल की आलोचना की थी। जबकि यह बिल राष्ट्रपति ट्रंप के एजेंडे का अहम हिस्सा है।

व्हाइट हाउस ने कहा है कि बुधवार (अमेरिकी समयानुसार) से मस्क के 'स्पेशल गवर्नमेंट एम्प्लाई' दर्जे को ख़त्म कर दिया जाएगा। लेकिन मस्क का बाहर होना सिर्फ ट्रंप सरकार में एक बड़े उलट फेर को ही नहीं दर्शाता है, बल्कि कुछ आगे की रणनीतिक विफलता की भी चुगली करता है, क्योंकि मस्क रिपब्लिकन पार्टी के सबसे बड़े डोनर रहे हैं। उन्होंने पिछले साल क़रीब 25 करोड़ डॉलर का चंदा दिया था।

## पर्सनालिटी

# राज्यसभा की सदस्य बनने वाली पहली अभिनेत्री थीं नरगिस, ऐसा रहा फिल्मी सफर

**बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत और प्रतिभाशाली अभिनेत्री नरगिस दत्त का 01 जून को जन्म हुआ था। नरगिस ने बाल कलाकार के रूप में शुरुआत की थी। वह पहली महिला स्टार थीं, जोकि राज्यसभा की सदस्य बनी थीं।**

» अनन्या मिश्रा

हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की लीजेंड्री एक्ट्रेस नरगिस का 01 जून को जन्म हुआ था। वह बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत और प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक थीं। उन्होंने एक से बढ़कर एक फिल्में दी हैं। नरगिस एक ऐसी एक्ट्रेस थीं, जिनके अभिनय की प्रशंसा हर कोई करता है। महज 28 साल की उम्र में नरगिस ने अभिनेता सुनील दत्त और राजेंद्र कुमार की मां का किरदार निभाकर हर किसी को चौंका दिया था। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर नरगिस के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

### जन्म और परिवार

बता दें कि नरगिस का जन्म 01 जून 1929 को हुआ था। अभिनेत्री ने कई शानदार फिल्में दी थीं। साल 1935 में नरगिस ने फिल्म 'तलाश-ए-हक' से अपने फिल्मी करियर की शुरूआत की थी। फिर साल 1949 में एक्ट्रेस ने महबूब खान की फिल्म अंदाज में बतौर लीड एक्ट्रेस डेब्यू किया था। वहीं अभिनेता राज कपूर के साथ अभिनेत्री ने आवारा, बरसात और आग जैसी हिट फिल्मों में काम किया था।



### राज कपूर संग रिश्ता

एक समय ऐसा भी था, जब नरगिस और राज कपूर एक-दूसरे के प्यार में पड़ गए। इनका रिश्ता करीब 9 साल तक चला। इन 9 सालों में राज कपूर और नरगिस का प्यार इतना परवान चढ़ा कि दोनों शादी करना चाहते थे। जबकि राज कपूर पहले से शादीशुदा थे। राज कपूर ने कई बार नरगिस से वादा किया कि वह अपनी पत्नी कृष्णा को तलाक दे देंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ और नरगिस व राज कपूर का रिश्ता खत्म हो गया।

राज कपूर संग रिश्ता खत्म होने के बाद नरगिस की जिंदगी में अभिनेता सुनील दत्त की एंट्री हुई। दरअसल, राज कपूर से अलग होने के बाद नरगिस ने फिल्म मदर इंडिया साइन की थी। इस फिल्म के सेट पर नरगिस और सुनील दत्त की बीच अच्छी दोस्ती हो गई और यह दोस्ती वक्त के साथ प्यार में बदल गई। जिसके बाद साल 1958 में नरगिस और सुनील दत्त ने शादी कर ली थी।

बॉलीवुड में नरगिस को बहुत मान-सम्मान मिला और उनको पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया। साल 1980 में नरगिस को इंदिरा गांधी की सरकार ने राज्यसभा का सदस्य बनाया। वह राज्यसभा के लिए निर्वाचित पहली महिला स्टार थीं। नरगिस ने अपने अभिनय के दम पर लोगों के दिलों में खास जगह बनाई। वह अपने बेटे संजय दत्त के काफी करीब थीं।

### मृत्यु

वहीं कैंसर हो जाने के कारण 03 मई 1981 को 51 साल की उम्र में नरगिस दत्त का निधन हो गया।

## आज का इतिहास

### 2 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1996 - उक्रेन अपने अंतिम परमाणु युद्धास्त्र रूस को सौंपने के साथ ही परमाणु मुक्त देश बना।
1999 - दक्षिण एवं उत्तर कोरिया के बीच उच्च स्तरीय वार्ता पर सहमति, भूटान में टी.वी. प्रसारण की शुरुआत।
2000 - पाकिस्तान की एक जवाबदेही अदालत द्वारा नवाज शरीफ़ के आजीवन कारावास को मृत्युदंड में बदलने संबंधी याचिका मंजूर, मलेशिया की राजधानी कुआलालम्पुर में स्थित विश्व की सबसे ऊँची इमारत पेट्रोनास ट्विन टावर्स दर्शकों के लिए खुला।
2003 - म्यांमार की जनतांत्रिक नेता आन सांग सूची की गिरफ़्तारी के बाद देश की सभी शिक्षण संस्थाएँ बन्द।
2004 - आस्ट्रेलियाई मॉडल जेनिफ़र हॉकिन्स मिस यूनिवर्स बनीं।
2005 - भारत, रूस और चीन का ब्लादीवोस्तोक सम्मेलन समाप्त।
2006 - अमेरिका ने दाऊद इब्राहीम तथा उसके संगठन पर प्रतिबंध लगाया।
2008 - मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री अजय विश्नोई ने इस्तीफ़ा दिया। टाटा मोटर्स लिमिटेड ने फोर्ड मोटर कम्पनी के दो ब्रांडों 'जगुआर' व 'लैंड' रोवर के अधिग्रहण का सौदा पूरा किया। लेफ्टिनेंट जनरल नरेश कुमार परमार को थल सेना की चिकित्सा सेवा का महानिशेदक नियुक्त किया गया। आस्ट्रेलिया ने इराक में अपना अभियान रोका। फ़ैशन गुरु इवेसां लॉरेन का निधन।

### 2 जून को जन्मे व्यक्ति

1963 - नटराजन चंद्रशेखर - भारतीय व्यवसायी
1961 - तमिलसाई सुंदरराजन - भारतीय जनता पार्टी की राजनीतिज्ञ हैं।
1930 - बाबूलाल गौर - 'भारतीय जनता पार्टी' के नेता और मध्य प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री।
1943 - इलैयाराजा - भारतीय फ़िल्मों के प्रसिद्ध संगीतकार, गीतकार तथा गायक हैं।
1951 - अनंत गीते, प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ
1955 - मणिरत्नम - भारत के प्रसिद्ध फ़िल्म निर्माता-निर्देशकों में से एक हैं।
1955 - नन्दन नीलेकणी - भारतीय उपक्रमी, नौकरशाह, नेता और प्रसिद्ध सॉफ़्टवेयर कम्पनी 'इन्फ़ोसिस' के सह-संस्थापक सदस्यों में एक हैं।
1980 - डोला बनर्जी - तीरंदाज़ महिला खिलाड़ी हैं।
1932 - बलबीर सिंह जूनियर - भारतीय हॉकी टीम के भूतपूर्व खिलाड़ी थे।

### 2 जून को हुए निधन

2004 - श्रीकांत जिचकर - भारत के ऐसे योग्य व्यक्ति थे, जिन्होंने 42 यूनिवर्सिटी में शिक्षा प्राप्त की थी।
1984 - विश्वनाथ दास - भारतीय राजनीतिज्ञ एवं ब्रिटिश भारत उड़ीसा प्रान्त के मुख्यमंत्री
1988 - राज कपूर - भारतीय निर्माता, निर्देशक अभिनेता

आवश्यकता है
आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।
9456884327/8218179552

# दीदी की दुकान खोलने के बाद से जीवन में आए परिवर्तन, खुशियों का दौर शुरू

**जेबीएफ और बी-एबल फाउंडेशन कर रहा 60 दुकानों का संचालन, यूनिसेफ (युवाह) ने प्रदत्त किए 15 महिलाओं को एसी/डीसी फैन**

» सब का सपना

**गजरौला/अमरोहा:** महिला सशक्तिकरण की दिशा में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को स्वाबलंबी बनाने के लिए जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन द्वारा बी-एबल फाउंडेशन के सहयोग से संचालित दीदी की दुकान तेजी से प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं।

यूनिसेफ (युवाह) द्वारा सर्वाधिक सेल करने वालीं 15 महिलाओं कों प्रोत्साहन स्वरूप एसी/डीसी पंखे प्रदान किए गए ताकि वे भीषण गर्मी में बिजली नहीं होने पर ही दुकान पर बैठ सकें। रविवार को गजरौला में ग्रामीण समृद्दि केंद्र पर दीदी की दुकान प्रोत्साहन समारोह का आयोजन किया गया। केंद्र प्रभारी साजिद पाशा ने बताया कि जेबीएफ के सहयोग से क्षेत्र में 60 दीदी की दुकानें संचालित की जा रही हैं।






भविष्य में इनकी संख्या बढ़कर सौ हो जाएगी। जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में जुबिलेंट का यह बड़ा प्रयास है। उन्होंने 31 मई विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर महिलाओं को तंबाकू के दुष्प्रभावों के संबंध में भी जानकारी दी। साथ ही ई श्रम क़ार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री जनधन बीमा योजना, दुर्घटना बीमा योजना आदि के संबंध में भी जानकारी दी। सीएसआर कार्यक्रम अधिकारी गौरव विशाल ने बताया कि जेबीएफ सामाजिक सरोकारों के कार्यों में प्रमुखता से कार्य कर रही है। ब्लाक में एडीओ संजीव कुमार ने महिलाओं को बचत करने के प्रति जागरूक किया और शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं ने बताया कि दीदी की दुकान खोलने के बाद से उनके जीवन में कई परिवर्तन आए हैं। खुशियों का दौर शुरू हो गया है। अब वे माह में 10 से 35 हजार रुपये तक कमा रही हैं। प्रोत्साहन समारोह में हिमांशु शर्मा, सरिता, ज्योति देवी, गुड्डी रानी, काजल, संतोष. मजली, नीतू शर्मा, सुमन, सुरभि, मीना, शशि रानी, रूबी गोस्वामी, सुमन एवं रश्मि को टेबिल फैन प्रदान किए गए। इस मौके पर जेबीएफ से प्रोग्राम कोर्डिनेटर चंदन प्रसाद, बूंदी सिंह, नवनीत सिंह, बी-एबल फाउंडेशन से उसमान पाशा, अभिषेक, मोहित, नासिर व अनुज भी मौजूद रहे।

## डीपीआरओ ने ग्रामीणों को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्लास्टिक का प्रयोग न करने का दिया संदेश



» सब का सपना

**अमरोहा:** जनपद के विकासखंड गजरौला क्षेत्र के ग्राम पंचायत तिगरी गंगा घाट पर यूनिसेफ की टीम की उपस्थिति में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान प्लास्टिक मुक्त जन जागरूकता अभियान घाट पर लगने वाली दुकानदारों, ग्रामीण एवं श्रद्धालुओं को प्लास्टिक का प्रयोग न करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा है कि प्लास्टिक से पर्यावरण पर बुरा प्रभाव पड़ता है। जिससे कि लोगों को सांस लेने में भी परेशानी होती है। इसी के साथ उन्होंने कहा है कि पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में सभी ग्रामीण लोग अपने घर के आस-पास वह खेत खलियानों पर पेड़ पौधे अवश्य लगे। क्योंकि पेड़ पौधे से ही वातावरण शुद्ध होता है। और पेड़ पौधे से निकलने वाली ऑक्सीजन गैस हमारे जीवन के लिए बहुत ही लाभदायक है इसी के साथ-साथ उन्होंने गंगा घातक पर गंदगी न फैलाने और साथ की घाटों को स्वच्छ व साफ रखने की अपील की।

इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसोदिया, एडीओ पंचायत गजरौला राजवीर सिंह, ग्राम प्रधान पूनम ग्राम पंचायत सचिव राजपाल सिंह, गौरव सिंह, उपेंद्र यादव, ग्रामीण एवं ब्लाक के सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

## शामली में रेल पटरी पर मिला लोहे का पाइप, हादसा टला

**मुजफ्फरनगर (उप्र) (एजेंसी)** मुजफ्फरनगर से सटे शामली जिले में बलवा गांव के पास दिल्ली-सहारनपुर रलवे लाइन पर अराजक तत्वों ने 10 फुट लंबा लोहे का पाइप रख दिया। सहारनपुर-दिल्ली पैसेंजर ट्रेन के चालक की मुस्तैदी की वजह से हादसा टल गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के प्रभारी चंद्रवीर सिंह ने रविवार को बताया कि शनिवार देर रात सहारनपुर-दिल्ली पैसेंजर ट्रेन के चालक ने पटरी पर लोहे का पाइप रखा देखकर आपातकालीन ब्रेक लगा दिया जिससे ट्रेन समय रहते रुक गई और हादसा टल गया।

सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, "कुछ अज्ञात बदमाशों ने रेलवे ट्रैक पर भारी लोहे का पाइप रख दिया था। ट्रेन चालक की



सतर्कता से दुर्घटना टल गई। शामली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामसेवक ने घटनास्थल का दौरा किया। औपचारिक जांच के आदेश दे दिए गए हैं और दोषियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस घटना की वजह से रेलगाड़ियों की आवाजाही कुछ समय के लिए बाधित हुई। हालांकि पटरी से पाइप हटाने और सुरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण के बाद रेल यातायात फिर से शुरू कर दिया गया।

## कुशीनगर में इनामी बदमाश और उसका साथी गिरफ्तार

**लखनऊ/कुशीनगर (उप्र) (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने कुशीनगर जिले से एक इनामी बदमाश और उसके एक साथी को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने शनिवार देर रात बताया कि एक लाख रुपये के इनामी बदमाश अजय तिवारी और 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश रमेश यादव को कुशीनगर जिले में रामकोला थाना क्षेत्र के दामोदरी सिंघा गांव से गिरफ्तार किया गया। दोनों देवरिया जिले के निवासी हैं।


एसटीएफ ने एक बयान में बताया कि तिवारी बिहार में अवैध शराब की तस्करी में संलिप्त था और उसने अजीत सिंह उर्फ जड़ी के साथ मिलकर भारी मात्रा में शराब बिहार भेजना शुरू कर दिया था।

## ममता कुलकर्णी ने संभल के कल्कि धाम में शिला दान किया

**संभल (उप्र) (एजेंसी)** अध्यात्म जगत में आई पूर्व अभिनेत्री ममता कुलकर्णी ने रविवार को संभल में कल्कि धाम का दौरा किया।

प्रयागराज महाकुंभ के दौरान किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर बनने और फिर विवादों से सुर्खियों में आईं कुलकर्णी ने कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम के साथ एक शिला दान समारोह में भाग लिया।

कुलकर्णी ने बाद में पत्रकारों को संबोधित करते हुए अपनी आध्यात्मिक यात्रा और कल्कि धाम परियोजना के महत्व के बारे में बताया। कुलकर्णी ने कहा, ऱ्मैं आचार्य प्रमोद कृष्णम द्वारा कल्कि धाम के सुंदर कार्य को करने के संकल्प पर गर्व महसूस करती हूं। मुझे यहां एक शिला दान करने का सौभाग्य मिला। शायद यह मेरे पिछले जन्म के कुछ अच्छे कर्मों का परिणाम



है कि मुझे इस जन्म में यह अवसर मिला है। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने ध्यान की अवस्था में कल्कि के अवतार को देखा था।

## विकसित कृषि के बिना विकसित भारत की कल्पना नहीं की जा सकती: शिवराज सिंह चौहान

**मेरठ/लखनऊ (एजेंसी)** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को कहा कि विकसित कृषि के बिना विकसित भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। चौहान ने विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के अंतर्गत रविवार को मेरठ जिले के दबथुआ विकासखण्ड सुरूरपुर में कृषक वैज्ञानिक संवाद में हिस्सा लिया।

चौहान ने अभियान के चौथे दिन उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया और दबथुवा और जंगेठी गांवों में चारपाई पर बैठकर किसानों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के उपाय सुझाए।

चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चौधरी चरण सिंह को




भारत रत्न देकर देश के हर किसान को सम्मानित किया है।

उन्होंने कहा कि खेती के क्षेत्र में सिंह से बड़ी प्रेरणा कोई नहीं हो सकती। चौहान ने यह भी बताया कि 29 मई को जब यह अभियान शुरू हुआ, तब सिंह की पुण्यतिथि भी थी।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि बिना विकसित कृषि के विकसित भारत की कल्पना नहीं की जा सकती।

उन्होंने संदेश दिया कि यदि मंत्री, सांसद, वैज्ञानिक, कृषि विभाग पूरे देश में एक टीम के साथ काम करें तो देश का उत्पादन भी बढेगा और किसानों की आय भी बढेगी, साथ ही हम विश्व को खाद्य सामग्री देने में सक्षम भी हो सकेंगे।

लखनऊ में जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक प्रदेश के 75 जनपदों में अब तक लगभग 2700 स्थानों पर विभिन्न गणमान्य जनप्रतिनिधि/कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि एवं सहवर्ती विभाग के अधिकारियों के साथ आज चौथे दिन तक लगभग 3,25,000 से अधिक किसानों ने भाग लिया है।

## अयोध्या में राम पथ समेत कई मार्गों पर मांस की बिक्री प्रतिबंधित करने की कार्रवाई शुरू

**अयोध्या (उप्र) (एजेंसी)** अयोध्या जिला प्रशासन ने यहां राम पथ, धर्म पथ और 14 कोसी तथा पंचकोसी परिक्रमा मार्ग सहित महत्वपूर्ण धार्मिक मार्गों पर मांस की बिक्री प्रतिबंधित करने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी मानिक चंद ने पुष्टि की कि यह मुद्दा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दरबार में उठाया गया, जिस दौरान राम पथ, भक्ति पथ, धर्म पथ और 14 कोसी मार्ग पर स्थित मांस की दुकानों के बारे में विशेष रूप से शिकायत की गई। उन्होंने बताया कि इसके बाद, इन प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करने के लिए एक टीम बनाई गई। उन्होंने बताया कि इन निर्दिष्ट धार्मिक मार्गों पर मांस की 22 दुकानें संचालित होती पाई



गईं। चंद ने कहा, मांस की दुकानों के मालिकों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं और उन्हें अपनी दुकानों को कहीं और स्थानांतरित करने के लिए सात दिन की समय सीमा दी गई है। ऐसा न करने पर कार्रवाई की जाएगी।

अयोध्या के महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने भी बताया कि इन इलाकों में शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की योजना बनाई जा रही है।

त्रिपाठी ने कहा, काफी समय से मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के लिए चर्चा चल रही थी। यह तय किया गया कि राम पथ पर मांस की बिक्री पर रोक लगाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही इन इलाकों में शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए भी कदम उठाए जाएंगे।

## अलीगढ़: छात्रा को अश्लील संदेश भेजने के आरोपी शिक्षक पर मुकदमा, किया गया निलंबित

**अलीगढ़ (उप्र) (एजेंसी)** अलीगढ़ जिले में एक छात्रा को अश्लील संदेश भेजने के आरोप में एक डिग्री कॉलेज के शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने यहां बताया कि जिले के गांधी पार्क थाने में शजरुद्दीन नामक एक शिक्षक के खिलाफ शनिवार को मुकदमा दर्ज किया गया। उसने बताया कि शजरुद्दीन पर अपनी एक छात्रा को मोबाइल फोन पर अश्लील संदेश भेजने का आरोप है। यह मामला पिछले दो दिनों से गरमाया हुआ था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) युवा मोर्चा और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्यों के नेतृत्व में छात्रों ने आरोपी शिक्षक की गिरफ्तारी की मांग की। शिक्षक को आंतरिक जांच लंबित रहने तक वार्ष्णेय महाविद्यालय से दो महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि छात्रा ने पुलिस से शिकायत की थी।

कॉलेज परिसर में विरोध प्रदर्शन करने वाले छात्रों ने पुलिस पर शिकायत पर कार्रवाई करने में ''आधिकारिक लापरवाही और देरी करने'' का आरोप लगाया।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) युवा मोर्चा के नेता अमित गोस्वामी ने चेतावनी दी कि अगर आरोपी शिक्षक को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार नहीं किया गया तो उनका संगठन आंदोलन शुरू करेगा। प्रदर्शन के बाद कॉलेज प्रशासन ने घोषणा की कि आंतरिक जांच लंबित रहने तक शजरुद्दीन को दो महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है।


अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) एम.एस. पाठक ने बताया कि आरोपी शिक्षक का मोबाइल फोन जांच के लिये जब्त कर लिया गया है।

उन्होंने कहा, ''मोबाइल फोन के रिकॉर्ड सहित सभी साक्ष्यों की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।''

## दलित लड़की की शादी मैरिज हॉल में होने पर हमला, 24 लोगों पर मुकदमा दर्ज

**बलिया (उप्र) (एजेंसी)** बलिया जिले के रसड़ा क्षेत्र में कथित तौर पर दलित वर्ग की एक लड़की की शादी का समारोह एक बारात घर में आयोजित करने के विरोध में वहां उपस्थित लोगों पर हमला कर दिया गया। इस घटना में दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए और इस सिलसिले में कुल 24 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस सूत्रों ने दर्ज रिपोर्ट के हवाले से रविवार को बताया कि रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के रसड़ा कस्बे के मिशन रोड निवासी राघवेन्द्र गौतम ने दर्ज मुकदमे में बताया है कि 30 मई को उनकी बहन की शादी कस्बे के एक मैरिज हॉल में हो रही थी।



- हमलावरों ने शादी समारोह में मौजूद लोगों पर हमला कर दिया। इस घटना में अजय कुमार और मनन कांत गम्भीर रूप से घायल हो गए।

शिकायत के मुताबिक बारात आने के बाद रात करीब साढ़े दस बजे मल्लाह टोली के अमन साहनी, दीपक साहनी, राहुल और अखिलेश नामक लोग 15—20 अज्ञात लोगों के साथ लाठी—डंडे, रॉड और पाइप लेकर आए और गाली—गलौज करने लगे, साथ ही कहा कि दलित जाति के होकर भी मैरिज हॉल में शादी कैसे कर रहे हो। सूत्रों ने बताया कि गौतम के मुताबिक इसके बाद हमलावरों ने शादी समारोह में मौजूद लोगों पर हमला कर दिया। इस घटना में अजय कुमार और मनन कांत गम्भीर रूप से घायल हो गए।

सूत्रों ने बताया कि इस सिलसिले में राघवेन्द्र गौतम की तहरीर पर शनिवार को अमन साहनी, दीपक साहनी, राहुल और अखिलेश को नामजद करते हुए 20 अज्ञात समेत कुल 24 लोगों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता और अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली प्रभारी विपिन सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। फिलहाल कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# भारतीय मानव कल्याण समिति ने मनाई पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होल्कर की जयंती



» हनी चन्द्रा/ सब का सपना

**चंदौसी/सम्भल।** भारतीय मानव कल्याण समिति के तत्वाधान में विनायक मार्ग स्थित समिति कार्यालय पर भव्य रूप से लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वी जयंती मनाई गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियो ने उनके चित्र पर पुष्पार्चन करके किया।

समिति प्रबन्धक डॉ टीएस पाल ने कहा अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 31मई 1725 में महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के चौड़ी ग्राम में हुआ। आठ-दस वर्ष की आयु में उनका विवाह हुआ पुत्र मालेराव एवम पुत्री मुक्ताबाई के जन्म के बाद 1754 में उनके पति खंडेराव होल्कर वीरगति को प्राप्त हो गये। फिर 1766 में ससुर मल्हार राव होल्कर का निधन,1767 में पुत्र मालेराव का देहान्त हो गया। 1791 में दामाद यशवन्तराव फणसे का निधन और उनकी पुत्री मुक्ताबाई सती हो गई। 13 अगस्त 1795 को महारानी ने अंतिम सांस ली।

ऐसी पारिवारिक विषम परिस्थिति में भी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने कार्यकाल में ऐतिहासिक कार्य किये जिनको आज भी याद किया जाता है। सूरत से पधारे मुख्य अतिथि संतोष कुमार ने कहा अहिल्याबाई होल्कर ने अपने राज्य की सीमाओं के बाहर भारत-भर के प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों में मन्दिर बनवाए, घाट बँधवाए, कुओं और बावड़ियों का निर्माण किया, मार्ग बनवाए एवं सुधरवाए, भूखों के लिए अन्नसत्र खोले। प्यासों के लिए प्याऊ बिठलाईं।

मन्दिरों में विद्वानों की नियुक्ति शास्त्रों के मनन-चिन्तन और प्रवचन हेतु की। मुख्य वक्ता बृजेन्द्र प्रसाद तिवारी ने कहा अहिल्याबाई होल्कर ने होल्कर राजवंश की राजधानी इंदौर से हटाकर नर्मदा के किनारे महेश्वर में स्थापित की।

जहां बाहर से बुनकर, शिल्पकार बुलवाकर रोजगार के अवसर प्रदान किये। आज भी महेश्वर की साड़ी एवम मंदिरों की नक्काशी प्रसिद्ध है।दिनेश पाल सिंह ने काव्य पाठ से अहिल्याबाई बाई के कार्यो के बारे में बताया ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य राजवीर सिंह पाल संचालन डॉ जयशंकर दुबे ने किया।

इस दौरान दिनेश चंद गुप्ता, सुभाष चंद्र वार्ष्णेय, मुनेश धनगर, आकाश कुमार शर्मा, राजेश पाल, रतन कुमार वार्ष्णेय, ओम प्रकाश गुप्ता, राहुल पाल, सभासद अमन कोरी, सुशील कुमार भोलेनाथ, विपिन वार्ष्णेय बालाजी, मोहित कुमार, रोशन लाल दिवाकर, मुनीष बाबू, दिनेश धनगर, श्याम सुंदर दुबे, नरेश राघव, दिनेश कुमार चीनी आदि उपस्थित रहे।

## समाजवादी कार्यकर्ताओं द्वारा मनाई गई लोकमाता अहिल्या बाई होलकर जी की 300 वी जयंती



» सब का सपना

**बहजोई/संभल:** जनपद में समाजवादी पार्टी ने बहजोई कैम्प कार्यालय पर लोकमाता अहिल्या बाई होलकर की 300 बी जयंती मनाई गई। बैठक में जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी एवं पदाधिकारी ने लोकमाता अहिल्या बाई होलकर के चित्र पर माल्यार्पण कर जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर मराठा शासिका थी और मालवा क्षेत्र की शासिका बनीं

उन्होंने ने अपने राज्य में बहुत से परोपकार के कार्य किए अध्यक्षता जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने की संचालन कृष्ण मुरारी शंखधार ने किया संगीता पाल प्रदेश सचिव ने विचार व्यक्त करते हुए कहा की लोकमाता अहिल्या बाई होलकर जी ने आपने राज्य में मन्दिर का एवं घाटों का निर्माण कार्य कराया समाजिक कार्य भी किए

बैठक में विधानसभा अध्यक्ष उमेश यादव नगर अध्यक्ष सद्दाम कुरेशी अशोक राणा चेतन गुप्ता अमित प्रजापति राम निवास दिवाकर सुभाष पाल कमल शर्मा राहुल गुप्ता अशोक गुप्ता सुरज यादव मनोज शर्मा सत्यवीर सिंह यादव लवकुमार यादव जितिन शर्मा आकाश शखधार सददन भाई पीताम्बर यादव मनीष यादव रियासत भाई डॉ होराम सिंह जाटव मुकेश यादव साबिर खान नदीम खान राहुल यादव सौराज सिंह यादव दीपक भारद्वाज आदि नेता सम्मानित कार्यकर्ता मौजूद रहे

## बाइक सवार को रोडवेज ने रौंदा बाइक सवार हुआ गंभीर घायल

» सब का सपना संवाददाता




**बहजोई/संभल।** मिली जानकारी के अनुसार एक बाइक सवार को रोडवेज बस ने रौंद डाला बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया चिकित्सकों ने जिला अस्पताल को रेफर कर दिया है।

जनपद संभल के थाना बहजोई गांव मदारा निवासी अजय पुत्र विजेंद्र (18)अपने गांव मदारा से सुनवर सराय थाना धनारी जनपद संभल अपनी फूफी के यहां शादी का कार्ड देने के लिए निकला था गांव खजरा ख़ाकम के निकट एक रोडवेज बस पीछे से टक्कर मारकर फरार हो गई और बाइक सवार सड़क पर गिर गया आनन फानन में मौके पर भीड़ जमा हो गई सूचना मिलने पर एंबुलेंस भी पहुंच गई एम्बुलेंस की मदद से सरकारी अस्पताल बहजोई को भेजा गया और परिजन भी आ गए जहां चिकित्सकों द्वारा उपचार किया गया प्रथम उपचार के बाद हालत गंभीर होने की वजह से चिकित्सकों ने जिला अस्पताल को रेफर कर दिया चिकित्सकों ने दी गई जानकारी में बताया परिजन किसी निजी अस्पताल में लेकर चले गए ।

## अस्पताल व डॉक्टर आंख के इलाज में लापरवाही के लिए जिम्मेदार आयोग ने लगाया तीन लाख का जुर्माना

» (हनी चन्द्रा) सब का सपना





**चंदौसी/सम्भल।** ग्राम एपुरा बिसौली जनपद बदायूं निवासी सूरजपाल की बाई आंख में मोतियाबिंद हो गया था जिसके लिए उन्होंने अपनी बाई आंख के ऑपरेशन के लिए रोटरी नेत्र चिकित्सालय चंदौसी में डॉक्टर मनु सैनी से इलाज कराया। जिनके द्वारा लापरवाही से इलाज किया गया। जिससे कि सूरजपाल की बाई आंख की रोशनी बंद होने लगी। जिसके लिए उन्होंने मुरादाबाद सी एल आई अस्पताल में दिखाया तो डॉक्टरों ने जांच करने के उपरांत बताया कि उनकी आंखों में लगाया गया लेंस तिरछा है जिससे उनके आंखों में घाव हो गया है। अब ऑपरेशन को पुनः करना पड़ेगा तो परिवादी को काफी दुख हुआ सूरज पाल ने अपने अच्छे इलाज के लिए एम्स दिल्ली में दिखाया। जहां डॉक्टरों द्वारा उसका ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया। उक्त इलाज में रोटरी नेत्र चिकित्सालय व डॉक्टर द्वारा बरती गई लापरवाही के लिए सूरजपाल ने रोटरी नेत्र चिकित्सालय व डॉक्टर मनु सैनी से संपर्क कर अपनी शिकायत की तो अस्पताल व डॉक्टर ने उनकी कोई बात नहीं सुनी। बल्कि अस्पताल ने डॉक्टर मनु सैनी को अपने यहां से हटा दिया। उक्त घटी घटना के लिए उपभोक्ता मामलों की विशेषज्ञ अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय से संपर्क किया तो उन्होंने 62 वर्षीय सूरजपाल की व्यथा को सुना और पूर्ण रूप से मदद करने का आश्वासन दिया।

सूरजपाल की ओर से जिला उपभोक्ता आयोग में एक परिवाद प्रस्तुत किया और आयोग को समस्त घटित घटना को बताया। आयोग ने डॉक्टर मनु सैनी ब रोटरी नेत्र चिकित्सालय को तलब किया जिस पर उनकी ओर से कोई भी उपस्थित नहीं आया। आयोग ने अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय की बहस को सुना और दाखिल प्रपत्रों के आधार पर अपना निर्णय सुनते हुए आदेश दिया विपक्षीगण रोटरी नेत्र चिकित्सालय चंदौसी के प्रबंधक/अध्यक्ष व डॉक्टर मनु सैनी को आदेशित किया जाता है कि परिवादी की बाई आंख के ऑपरेशन इलाज में बरती गई। लापरवाही व उपेक्षा के प्रति बतौर क्षतिपूर्ति मुबलिग 3 लाख रुपए उस पर परिवाद संस्थान की तिथि से 7% वार्षिक ब्याज सहित अंदर दो माह में अदा करे। इसके अलावा विपक्षीगण परिवादी को 5000 बाद व्यय के मद में भी अदा करेंगे। नियत अवधि में धनराशि न अदा किए जाने की दशा में ब्याज 9% वार्षिक की दर्शित होगा।

## बबराला अग्रवाल धर्मशाला में मनाई राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जन्मोत्सव

» (हनी चन्द्रा) सब का सपना



**बबराला/सम्भल।** नगर पंचायत अग्रवाल धर्मशाला बबराला में पुण्य श्लोक राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी 300 ब स्मृति अभियान वर्ष – 2025 के पावन उपलक्ष्य में पूज्य रानी अहिल्याबाई होल्कर जी के उत्कृष्ट चरित्र एवं देश, समाज एवं सनातन धर्म हेतु किए गए अमूल्य कार्यों को स्मरण एवं नमन करने के उद्देश्य से उनके जन्म दिवस के उपलक्ष्य में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी चौधरी हरेंद्र कुमार रिंकू एवं मुख्य वक्ता मीना गुप्ता सभासद जिला योजना समिति सदस्य एवं नगर पंचायत अध्यक्ष हर्षवर्धन वार्ष्णेय पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं रेलवे सलाहकार सदस्य विनय कुमार वार्ष्णेय एडवोकेट, मंडल अध्यक्ष बबराला योगेंद्र यादव, संचालन पूर्व जिला महामंत्री, डॉ बनवारी सिंह यादव एवं दिव्य यादव ब्लॉक प्रमुख, पूर्व महामंत्री दिनेश कौशल, योगेश गुप्ता, राजीव महेश्वरी, निशांत गुप्ता, प्रशांत वार्ष्णेय, नितिन कुमार, मुकेश गुप्ता, डॉ उमाकांत शर्मा एवं सैकड़ो की संख्याओं में पुरुष एवं महिला उपस्थित रहे तथा सभी कार्यकर्ताओं को माता अहिल्याबाई का चित्र देकर सम्मानित किया गया।

## परशुराम धर्मशाला का मारवाड़ी मोहल्ले में होगा निर्माण, अश्वनी शर्मा को बनाया कोषाध्यक्ष

» (हनी चन्द्रा) सब का सपना



**चंदौसी/सम्भल।** चंदौसी में ब्राह्मण सभा के आजीवन संरक्षकों द्वारा ब्राह्मण सभा द्वारा श्री परशुराम धर्मशाला के निर्माण हेतु क्रय की गई है जोकि मारवाड़ी मोहल्ला स्थित जमीन के बैनामे में उल्लिखित हैं। उन सभी लोगों के द्वारा एक सामान्य सभा रामाशंकर गौड़ के निवास मोती मोहल्ला स्थित हाल में आयोजित की गई।

सभा मे ब्राह्मण सभा की जमीन पर श्री परशुराम धर्मशाला के निर्माण का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। धर्मशाला निर्माण हेतु सभी ब्राह्मण बन्धुओ से सहयोग की अपील की गई। परशुराम धर्मशाला निर्माण के लिए बनने वाली समिति में सर्वसम्मति से अश्वनी शर्मा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। सभा मे वक्ताओं ने सभी ब्राह्मण बन्धुओं से एक मत होकर ब्राह्मण उत्थान के लिए आगे आकर सहयोग करने की बात कही। सभी वरिष्ठ व युवा ब्राह्मण जनों से एक जुटता के साथ ब्राह्मण शक्ति को समाज के सामने एक दृष्टांत के रूप स्थापित करने की भी अपील की गई।

सभा द्वारा अगली बैठक दिनांक 15 जून दिन रविवार को श्री हनुमान मंदिर रघुनाथ आश्रम के सामने अपराह्न 3 बजे से की जाएगी।

सभा मे डॉ राजीव लोचन शर्मा, राम कुमार शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, ब्रजेन्द्र मिश्रा, शर्मा, अश्वनी शर्मा, दिनेश कुमार शर्मा, अमित गोड़, ओमप्रकाश शर्मा, रामा शंकर गोड़, आदित्यकान्त शर्मा, रमाकांत शर्मा, अभिनव शर्मा, राजू बनर्जी, पवन शर्मा, राधे श्याम शर्मा, माधव मिश्रा, वेद प्रकाश मिश्रा, विवेक मिश्रा, गौरव मिश्रा, सचिन मिश्रा, मुकेश गोड, विकास गोड, वेद प्रकाश मिश्रा, विवेक शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिलाधिकारी रहे मौजूद

» (हनी चन्द्रा) सब का सपना





**चंदौसी/सम्भल।** बहजोई स्थित कलक्ट्रेट सभागार में शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम एवं निदेशक जनजाति विकास शिव प्रसाद प्रथम नोडल अधिकारी आकांक्षात्मक ब्लॉक जुनावई एवं पवांसा तथा निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा प्रधान निदेशक पिछड़ा वर्ग वित्त विकास निगम उ. प्र. लखनऊ डॉ वंदना वर्मा नोडल अधिकारी आकांक्षात्मक ब्लॉक रजपुरा की अध्यक्षता में आकांक्षात्मक विकास खण्डों से संबंधित जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम नोडल अधिकारियों का जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा पुष्प एवं पुस्तक देकर स्वागत किया।

बैठक के अन्तर्गत नोडल अधिकारी डॉ वंदना वर्मा द्वारा आईसीडीएस विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के लिए बच्चों के अनुकूलित पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था हो इसको प्राथमिकता पर रखा जाए। गर्भवती महिलाओं के आधार कार्ड में उनके पति का नाम दर्ज होना चाहिए ताकि उनको पोषाहार में सुविधा प्राप्त हो तथा पोषण ट्रेकर एप पर डाटा अच्छे से फीड हो सके।

हर घर नल योजना पर चर्चा करते हुए नोडल अधिकारी द्वारा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि पेयजल पाइपलाइन में लीकेज अगर है तो उसको सही कराना सुनिश्चित करें। ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को जागरूक किया जाए कि पेयजल पाइपलाइन के अन्तर्गत घर के नल को खुला न रखें। एसएचजी का नियमित प्रशिक्षण हो। रोजगार मेले भी नियमित रूप से लगते रहें ताकि युवाओं को रोजगार प्राप्त हो सके। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण को लेकर भी चर्चा की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

नोडल अधिकारी शिव प्रसाद प्रथम ने जुनावई एवं पवांसा विकासखण्ड से संबंधित इंडीकेटर्स पर चर्चा की तथा आईसीडीएस विभाग के अन्तर्गत सैम मैम बच्चों की स्थिति में क्या सुधार अब तक हुआ तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि जो बच्चे कुपोषित चिन्हित हुए उनमें कुपोषण से बाहर निकले तथा कितने जुड़े उसका डेटा व्यवस्थित किया जाए। एएनसी जांच एवं गर्भवती महिलाओं को ट्रेक करने के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

ओडीएफ ग्राम, आर.आर.सी सेन्टर, कूड़ा निस्तारण आदि को लेकर जिला पंचायती राज अधिकारी से जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित दिए। पवांसा विकासखण्ड के ग्राम भवानीपुर में हर घर नल योजना के अन्तर्गत पेयजल की स्थिति को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एन आर एल एम के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों की सक्रियता बढाने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। हाइपरटेंशन तथा डायबिटीज़ एवं दवाईयों की उपलब्धता को लेकर जानकारी प्राप्त की संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# महंगाई से राहत पर बड़ा फैसला: खाद्य तेल की कीमत बढ़ने से रोकेगी सरकार

### कच्चे तेल पर आयात शुल्क 10 फीसदी घटा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने कच्चे पाम तेल, कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल पर सीमा शुल्क घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है। वित्त मंत्रालय के इस फैसले का मकसद खाद्य तेलों की खुदरा कीमतों में कमी लाना और खाने के तेल का कारोबार करने वाले घरेलू कारोबारियों के हितों की रक्षा करना है। पहले इन तीनों कच्चे खाद्य तेलों पर शुल्क 20 प्रतिशत था। बता दें कि भारत अपनी घरेलू खाद्य तेल आवश्यकता का 50 प्रतिशत से अधिक आयात करता है।

### कीमतों में कमी से उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा

इस फैसले के बाद उद्योग संगठन सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के अध्यक्ष संजीव अस्थाना ने कहा कि कच्चे तेल पर शुल्क में कमी से घरेलू कीमतों को कम करने में मदद मिलेगी, जिससे उपभोक्ताओं को लाभ होगा।

**केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने फैसले की पुष्टि की-** वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को तत्काल प्रभाव से अधिसूचना जारी कर खाद्य तेल पर लगने वाले आयात शुल्क को घटाने के फैसले की जानकारी दी। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने बताया कि सरकार ने कच्चे खाद्य तेलों पर मूल सीमा शुल्क 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है।

**ताजा फैसले के बाद कितनी राहत मिलेगी-** इस फैसले पर उद्योग संगठन सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के कार्यकारी निदेशक बीवी मेहता ने कहा, कच्चे पाम तेल, कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल पर लगने वाला मूल सीमा शुल्क यानी कस्टम ड्यूटी को घटाकर 10 फीसदी कर दिया गया है। इन तीनों उत्पादों पर प्रभावी आयात शुल्क (मूल सीमा शुल्क और अन्य शुल्क सहित) अब 16.5 प्रतिशत होगा। पहले 27.5 प्रतिशत आयात शुल्क लगता था। उन्होंने कहा, हाल ही में रिफाइंड पाम तेल का आयात बढ़ा है, क्योंकि यह कच्चे पाम तेल की तुलना में सस्ता है।

**आईवीपीए ने भी सरकार के फैसले का स्वागत किया-** उद्योग निकाय एसईए और भारतीय वनस्पति तेल उत्पादक संघ (आईवीपीए) ने भी सरकार के फैसले का स्वागत किया है। घरेलू कारोबारियों और खाद्य तेल का प्रसंस्करण करने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए कच्चे और परिष्कृत खाद्य तेलों के बीच शुल्क का अंतर बढ़ाने की मांग लंबे समय से हो रही है।

### सरकार ने साहसिक फैसला लिया

शुक्रवार देर रात जारी बयान में एसईए के अध्यक्ष संजीव अस्थाना ने कहा, सरकार ने कच्चे और रिफाइंड तेलों के बीच शुल्क अंतर को 8.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 19.25 प्रतिशत करने का साहसिक फैसला सही समय पर लिया है। अब रिफाइंड पामोलिन का आयात कम होगा। कच्चे पाम तेल की मांग बढ़ने से घरेलू रिफाइनिंग क्षेत्र में नई जान आएगी।

### इस तेल पर नहीं मिलेगी राहत

30 मई को जारी वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के बाद भी रिफाइंड तेल पर मूल सीमा शुल्क 32.5 प्रतिशत ही रहेगा। यानी इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। वर्तमान में रिफाइंड तेलों पर प्रभावी शुल्क 35.75 प्रतिशत है। ऐसे में इस तेल का इस्तेमाल करने वाले लोगों को कोई राहत नहीं मिलेगी।

## देश के विदेशी मुद्रा भंडार में इज़ाफा; 6.992 अरब डॉलर बढ़कर 692.721 अरब डॉलर पर पहुंचा रिजर्व

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 23 मई को समाप्त हफ्ते के दौरान 6.992 अरब डॉलर बढ़कर 692.721 अरब डॉलर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। इससे पहले 16 मार्च को समाप्त हफ्ते के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार 4.888 अरब डॉलर घटकर 685.729 अरब डॉलर रह गया था। इससे पहले, सितंबर 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.885 बिलियन



अमरीकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 23 मई को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.516 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 586.167 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में अभिव्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। आरबीआई ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार 2.366 अरब डॉलर बढ़कर 83.582 अरब डॉलर हो गया।

## इंजीनियरिंग छोड़ शुरू किया ऐसा काम कि 2 साल में कमा डाले 50 लाख रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जब भी हम किसी इंजीनियर का नाम लेते हैं, हमारे दिमाग में सूट-बूट पहने एक शख्स की तस्वीर उभरने लगती है। क्या आप कभी सोच सकते हैं कि कोई इंजीनियर एक कारोबारी भी हो सकता है ऐसा ही एक नाम है सुष्मिता कनेरी का। सुष्मिता एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर थीं, जो अब उद्यमी बन गई हैं। महाराष्ट्र के पुणे में सुष्मिता का परिवार साधारण था। उनके माता-पिता हमेशा मेहनत और आत्मनिर्भरता पर जोर देते थे। उन्होंने सुष्मिता को समझदारी से फैसले लेने और दयालु रहने की सीख दी। सुष्मिता ने साल 2020 में विश्वकर्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी पुणे से सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। इसके बाद वे नौकरी करने के लिए तैयार थीं। लेकिन स्कूल के दिनों में ही उनके मन में सामाजिक उद्यमी बनने का विचार आ गया था।

**कैसे आया कारोबार का ख्याल-** सुष्मिता बताती हैं, स्कूल में मैं क्लास मॉनिटर थी।

## 1 शेयर पर 3 शेयर बोनस दे रही है कंपनी, रिकॉर्ड डेट का हुआ ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वी मार्ट रिटेल इंडिया ने बोनस शेयर के लिए रिकॉर्ड डेट का ऐलान कर दिया है। कंपनी एक शेयर पर 3 शेयर बोनस दे रही है। बता दें, कंपनी पहली बार निवेशकों को बोनस शेयर देने जा रही है।

**1 शेयर पर 3 शेयर बोनस दिया जाएगा-** शुक्रवार को वी-मार्ट रिटेल इंडिया ने बताया है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 3 शेयर बोनस के तौर पर दिया जाएगा। इस बोनस इश्यू के लिए कंपनी ने 23 जून 2025 की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। यानी इस दिन जिन निवेशकों के नाम कंपनी के रिकॉर्ड बुक में रहेंगे उन्हें बोनस शेयर का लाभ मिलेगा। वी मार्ट रिटेल इंडिया ने आखिरी बार निवेशकों को 2022 में बोनस शेयर दिया था। कंपनी एक शेयर पर 75 पैसे का डिविडेंड दिया था। 2019 में कंपनी ने एक शेयर पर 1.70 रुपये का डिविडेंड दिया था।

### शेयर बाजार में कैसा है प्रदर्शन

वी मार्ट रिटेल इंडिया के शेयर शुक्रवार को 0.14 प्रतिशत की गिरावट के बाद 3406.60 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। बीते 3 महीने के दौरान इस कंपनी ने निवेशकों को 14 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दिया है। वहीं, एक साल में कंपनी के शेयरों का भाव 61 प्रतिशत से अधिक चढ़ चुका है।

# शापूरजी पल्लोनजी ग्रुप को मिला रेकॉर्ड 3.4 अरब डॉलर का लोन

### कर्ज देने जर्मनी का यह बैंक आया आगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के बड़े औद्योगिक घरानों में शामिल शापूरजी पल्लोनजी ग्रुप को जर्मनी के एक बैंक से रेकॉर्ड लोन मिला है। जर्मनी के ड्यूश बैंक ने एसपी ग्रुप के लिए 3.35 अरब डॉलर (करीब 29 हजार करोड़ रुपये) का प्राइवेट क्रेडिट जुटाया है। यह एक तरह का लोन है जिसे नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर ड्यूश कहते हैं। यह अमेरिका के बाहर सबसे बड़ी प्राइवेट क्रेडिट डील है।

एसपी ग्रुप एक इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी है। उन्होंने टाटा संस में अपनी हिस्सेदारी का कुछ भाग गिरवी रखकर यह पैसा जुटाया है। इस काम में ब्लैक रॉक और मॉर्गन स्टेनली जैसे बड़े निवेशकों ने भी साथ दिया। यह लोन तीन साल के लिए है और इस पर 19.75 प्रतिशत का ब्याज लगेगा। ब्याज हर साल के अंत में मिलेगा। इससे पहले एसपी ग्रुप ने जो लोन लिया था, उस पर ब्याज दर थोड़ी कम थी। साल 2023 में, एसपी ग्रुप की कंपनी गोस्वामी इंफ्राटेक ने 18.75 प्रतिशत ब्याज पर 1.7 अरब डॉलर जुटाए थे।

**कहां होगा पैसे का इस्तेमाल-** लोन में मिली रकम का इस्तेमाल पुराने लोन चुकाने और रियल एस्टेट और ईपीसी कारोबार को बढ़ाने के लिए किया जाएगा। एक निवेशक ने कहा कि इससे बड़े कॉरपोरेट घरानों को लंबे समय के लिए पैसा जुटाने का एक नया तरीका मिलेगा।

### पहली बार हुआ ऐसा

जर्मन बैंक ने खुद इस डील में 893 मिलियन डॉलर लगाए हैं। वे इसमें से 500 मिलियन डॉलर से ज्यादा अपने पास रखेंगे। बैंक ने ब्लैक रॉक, सोना कैपिटल, मॉर्गन स्टेनली और पिमको जैसे निवेशकों को भी इसमें शामिल किया है। सोना कैपिटल और पिमको जैसी कंपनियों ने इस डील के जरिए भारत में पहली बार बड़ा प्राइवेट क्रेडिट निवेश किया है।

### किस-किस ने लगाया पैसा

इस पूरे फंडिंग में तीन तरह के निवेशकों ने पैसा लगाया है। पहले, वे लोग जिन्होंने स्टर्लिंग बॉन्ड में पहले से निवेश किया हुआ है। दूसरे, वे लोग जिन्होंने गोस्वामी बॉन्ड में पहले से निवेश किया हुआ है। और तीसरे, अमेरिका, ब्रिटेन, हांगकांग, सिंगापुर और भारत के नए प्राइवेट क्रेडिट निवेशक।




बैंक ने भी अपना रिस्क कम करने के लिए कई इंटरनेशनल क्रेडिट फंड्स को इसमें शामिल किया है। ब्लैक रॉक ने 70 मिलियन डॉलर, सोना ने 180 मिलियन डॉलर, मॉर्गन स्टेनली इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट ने 60 मिलियन डॉलर और पिमको ने 45 मिलियन डॉलर लगाए हैं। इस तरह इन सभी ने मिलकर लगभग 355 मिलियन डॉलर का निवेश किया है। इसके अलावा, एरेस ने अलग से 500 मिलियन डॉलर का निवेश किया है।


फरालोन कैपिटल, जो एसपी ग्रुप को पहले से लोन देता रहा है, उसने 596 मिलियन डॉलर का निवेश किया है। डेविडसन केम्पनेर और सेर्बेरस कैपिटल ने क्रमशः 401 मिलियन डॉलर और 474 मिलियन डॉलर लगाए हैं।

### इस शर्त पर मिला लोन

यह लोन एसपी ग्रुप की टाटा संस में 9.2 प्रतिशत हिस्सेदारी के बदले दिया गया है। यह हिस्सेदारी स्टर्लिंग इन्वेस्टमेंट, शापूरजी पल्लोनजी रियल एस्टेट और एसपी एनर्जी के जरिए है। एसपी एनर्जी तेल और गैस का कारोबार करती है। इस डील को बैंक ने अकेले ही पूरा किया है। यह पहला बड़ा कॉरपोरेट बॉन्ड है जो एफपीआई के नए नियमों के तहत जारी किया गया है। इन नियमों के अनुसार, विदेशी निवेशक अब जनरल लिमिट रूट से निवेश कर सकते हैं, पहले उन्हें वॉलंटरी रिटेंशन रूट का इस्तेमाल करना पड़ता था जिसमें कई तरह की पाबंदियां थीं।

### एलपीजी सिलेंडर के दाम से क्रेडिट कार्ड और ईपीएफओ के नियम तक

# 1 जून से होंगे कई बदलाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक जून से नए महीने की शुरुआत होने वाली है। इस नए महीने के पहले दिन से ही कई ऐसे नियम बदलने वाले हैं जिसका सीधा असर आपकी जेब पर पड़ेगा। उदाहरण के लिए एलपीजी सिलेंडर के दाम में बदलाव होगा। वहीं, ईपीएफओ, सेबी और इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने भी कुछ नियमों को बदला है। आइए विस्तार से जान लेते हैं।

**एलपीजी के दाम-** हर महीने की तरह एक जून को घरेलू और कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम भी तय किए जाएंगे। मई में कॉमर्शियल एलपीजी की कीमतों में कटौती की गई थी। तेल कंपनियों ने कॉमर्शियल एलपीजी की कीमत भी 19 किलोग्राम वाले सिलेंडर पर 14.50 रुपये घटा दी है। हालांकि, देश की राजधानी दिल्ली में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 853 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम पर यथावत थीं। अब कल यानी 1 जून को एलपीजी सिलेंडर की कीमत पर फैसला होगा। एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) यानी विमान ईंधन की कीमतों का भी निर्धारण होगा। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो कर्मचारी भविष्य निधि संगठन जून के महीने में 3.0 एडिशन को लागू कर सकता है। इससे ईपीएफ सब्सक्राइबर्स को यूपीआई और एटीएम के माध्यम से तुरंत पीएफ फंड निकालने में सक्षम होने की उम्मीद है। इसका उद्देश्य निकासी की लंबी प्रक्रिया को खत्म करना है। इसके अतिरिक्त, ईपीएफ सदस्यों को यूपीआई प्लेटफॉर्म पर सीधे अपने भविष्य निधि शेष की जांच करने और अपने पसंदीदा बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करने में सक्षम बनाएगी।

### आधार विवरण का अपडेटेशन

14 जून 2025 मायआधार पोर्टल पर आधार विवरण निःशुल्क अपडेट करने की अंतिम तिथि है। इस तिथि के बाद, सभी ऑनलाइन अपडेट पर 25 का शुल्क और फिजिकल आधार सेंटर्स पर अपडेट के लिए 50 का शुल्क लागू होगा।

### सेबी के नियम

अगर आप म्यूचुअल फंड योजनाओं में निवेश करते हैं तो ये खबर आपके लिए है। सेबी ने 1 जून 2025 से ओवरनाइट फंड योजनाओं के लिए नई कट-ऑफ टाइमिंग शुरू की है। संशोधित कट-ऑफ टाइम का उद्देश्य नेट एसेट वैल्यू गणना प्रक्रिया में पारदर्शिता और स्थिरता लाना है। 1 जून 2025 से ओवरनाइट म्यूचुअल फंड योजनाओं के लिए कट-ऑफ टाइम ऑफलाइन लेनदेन के लिए दोपहर 3 बजे और ऑनलाइन लेनदेन के लिए शाम 7 बजे होगा।

### आयकर की समयसीमा

फॉर्म 16 के तहत स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) प्रमाणपत्र जारी करने की समयसीमा 15 जून 2025 है। फॉर्म 16 नियोक्ता द्वारा वेतनभोगी कर्मचारियों को प्रदान किया जाने वाला एक प्रमाणपत्र है, जो पुष्टि करता है कि उनके वेतन से कर काटा गया है। अनिवार्य रूप से, यह इस बात का प्रमाण है कि काटा गया कर आयकर विभाग को जमा कर दिया गया है। यह प्रमाणपत्र संबंधित वर्ष के 15 जून तक जारी किया जाना चाहिए।

## आईआईटी मंडी ने प्रयास 3.0 की घोषणा की - रोबोटिक्स, एआई और आईओटी पर एक माह का रेजिडेंशियल प्रोग्राम

**मंडी, एजेंसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मंडी ने अपने सतत शिक्षा केंद्र (सीसीई) के माध्यम से रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) पर एक महीने के गहन आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम, प्रयास 3.0 के शुभारंभ की घोषणा की है। आईआईटी मंडी परिसर में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम 16 जून, 2025 को शुरू होगा। प्रयास 1.0 और प्रयास 2.0 की सफलता के बाद, प्रयास 3.0 भी प्रोजेक्ट-आधारित लर्निंग के माध्यम से प्रतिभागियों को अत्याधुनिक तकनीकों के साथ प्रयोगात्मक शिक्षा देगा। यह कार्यक्रम अंडरग्रेजुएट, ग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट इंजीनियरिंग छात्रों के साथ-साथ डिप्लोमा धारकों के लिए खुला है जो ऑटोमेशन, एआई और आईओटी के क्षेत्र में व्यावहारिक कौशल प्राप्त करना चाहते हैं। आईआईटी मंडी के सतत शिक्षा केंद्र के प्रमुख डॉ. तुषार जैन ने कहा, प्रयास 3.0, अनुभवात्मक शिक्षा के माध्यम से भविष्य के लिए तैयार पेशेवरों के निर्माण के लिए आईआईटी मंडी की निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## फ्लिपकार्ट करेगा ग्लैम अप फेस्ट 2025 की मेजबानी

**मुंबई, एजेंसी।** फ्लिपकार्ट भारत के सबसे बड़े ब्यूटी एंड लाइफस्टाइल इवेंट के तीसरे संस्करण ग्लैम अप फेस्ट 2025 की मेजबानी करने के लिए तैयार है। इसका आयोजन 6 और 7 जून को नेस्को, गोरेगांव, मुंबई में किया जाएगा। दो दिन चलने वाले इस उत्सव में 100 से ज्यादा अग्रणी ब्यूटी, ग्रूमिंग एवं के-ब्यूटी ब्रांड्स के साथ-साथ देशभर से 6,000 से ज्यादा इन्फ्लूएंसर्स एवं क्रिएटर्स हिस्सा लेंगे। ब्यूटी, इनोवेशन एवं कंटेंट के हाई-एनर्जी सेलिब्रेशन के रूप में तैयार ग्लैम अप फेस्ट 2025 से के-ब्यूटी, इमर्सिव ब्रांड एक्सपीरियंस, टेक-लेड प्रोडक्ट डिस्कवरी और एक्सक्लूसिव कंज्यूमर एक्टिवेशन के मामले में फ्लिपकार्ट की अग्रणी स्थिति को और मजबूती मिलेगी। फ्लिपकार्ट की हेड ऑफबिजनेस एफएमसीजी एंड जनरल मर्चेंडाइज मंजरी सिंघल ने कहा, 'भारत के सबसे बड़े ब्यूटी इवेंट ग्लैम अप फेस्ट 2025 के तीसरे संस्करण के साथ हम भारत में ब्यूटी प्रोडक्ट्स की डिस्कवरी, एक्सपीरियंस एवं शॉपिंग के तरीके को बदल रहे हैं। हम एक ऐसा सुगम और इमर्सिव एक्सपीरियंस देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहां टेक्नोलॉजी (प्रौद्योगिकी), ट्रस्ट (भरोसा) और लोगों की एस्पिरेशन (आकांक्षा) को साथ लाया जा सके। यह कार्यक्रम ब्यूटी प्रोडक्ट्स को ज्यादा आसान पहुंच में लाने, के-ब्यूटी समेत नवीनतम ट्रेंड्स को सबके सामने पेश करने और लाखों ग्राहकों के लिए ब्यूटी प्रोडक्ट्स की खोज को आसान एवं खुशनुमा बनाने के हमारे लक्ष्य और इस दिशा में हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है।' उत्सव में हिस्सा लेने वालों को खास तौर पर चुने गए ब्रांड लॉन्च, बेस्ट के-ब्यूटी प्रोडक्ट्स, सेलेब्रिटी एवं इन्फ्लूएंसर सेशन के साथ-साथ ब्यूटी इंडस्ट्री से जुड़े उत्साही एवं प्रोफेशनल्स के लिए तैयार लाइव ट्यूटोरियल एवं इमर्सिव ब्रांड जोन को एक्सप्लोर करने का मौका मिलेगा।

## केनव्यू और इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स दिल्ली ने बेबी की संवेदनशील त्वचा की देखभाल में कोलाइडल ओटमील की प्रभावशीलता पर प्रकाश डाला

**मुंबई, एजेंसी।** संवेदनशील त्वचा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध, रेवेन्यू के हिसाब से दुनिया की सबसे बड़ी उपभोक्ता स्वास्थ्य कंपनी केनव्यू ने इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) दिल्ली के साथ मिलकर 'ओट नेचर लैब' का आयोजन किया। बेबीज़ की संवेदनशील त्वचा के लिए एविडेंस-बेस्ड केयर रोज़ाना देने के महत्व और इस गंभीर स्वास्थ्य स्थिति को संबोधित करने के लिए कोलाइडल ओट पर आधारित त्वचा देखभाल की भूमिका पर इसमें प्रकाश डाला गया।

संवेदनशील त्वचा का छिपा प्रभाव

एटोपिक डर्माटाइटिस (एडी), एक्जिमा जेरोसिस और डायपर डर्माटाइटिस जैसी संवेदनशील त्वचा की तकलीफे बढ़ रही हैं। दुनिया भर में एटोपिक डर्माटाइटिस से बेबीज़ वयस्कों की तुलना में दोगुने ज्यादा प्रभावित होते हैं। पिछले दशक में, शहरीकरण, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन, तापमान और आर्द्रता बढ़ने के कारण भारतीय बच्चों में संवेदनशील त्वचा की तकलीफे बढ़ रही हैं। एक नए भारतीय विशेषज्ञों की आम सहमति और आईएपी के इनपुट के अनुसार, एटोपिक डर्माटाइटिस से पीड़ित भारतीय बच्चों की

## संक्षिप्त समाचार



### राजसमंद में गरजे कांग्रेस नेता सीपी जोशी बोले-आज मेरी उम्र 75 है, लेकिन मैं चुनाव लड़ने की इच्छा रखता हूं

**जयपुर, एजेंसी।** राजसमंद में शुक्रवार को कांग्रेस की 'संविधान बचाओ रैली' में मंच पर जब सीपी जोशी पहुंचे तो न सिर्फ जनता की भीड़ गर्म थी, बल्कि उनके तेवर भी खौलते हुए नज़र आए। कभी तंज, कभी ठहाके और कभी तीखे कटाक्ष–सीपी जोशी पूरे मूड में थे। उन्होंने अपनी उम्र, ईमानदारी और कांग्रेस की उपलब्धियों का ज़िक्र करते हुए ऐसा भाषण दिया कि तालियों की गड़गड़ाहट में पूरा मैदान गूंज उठा।

आज मेरी उम्र 75 है, लेकिन मैं जवान हूं, चुनाव लड़ने की इच्छा रखता हूं– जोशी ने कहा कि आजादी से पहले आदमी 35 साल की उम्र भी नहीं देख पाता था। चेचक से मर जाता था, बीमारी से मर जाता था। अगर मैं उस दौर में होता तो शायद 35 की उम्र में ही नाम ऊपर चला जाता। उन्होंने कहा कि आज वे 75 की उम्र में भी राजनीति में सक्रिय हैं, इसका श्रेय कांग्रेस की नीतियों और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को जाता है। लेकिन असली मजा तब आया जब उन्होंने अपने ऊपर लगने वाले आरोपों पर तीखी प्रतिक्रिया दी। जोशी ने सवालिया लहज़े में कहा–लोग कहते हैं कि मैं डांटता हूं, भगा देता हूं। तो क्या मैं झूठ बोलूं? अगर झूठ बोलता, तो 1980 में एमएलए बनकर एक ही बार में निपटा दिया जाता। लेकिन आज 75 की उम्र में भी मैं राजनीति में हूं, क्योंकि मैंने सच बोला है, काम किया है। सीपी जोशी ने अपने विरोधियों पर तंज कसते हुए कहा, सच बोलना कड़वा होता है। मीठी गोली से बुखार नहीं उतरता। मलेरिया में जो कड़वी कुनेन की गोली दी जाती है, वही बुखार को खत्म करती है। मैं वही कुनेन की गोली हूं। मीठा झूठ बोलकर जनता को बहलाने वाला नहीं हूं। जो काम करता है, वही टिकता है, और मैं टिक रहा हूं, क्योंकि मैंने काम किया है।

### नक्सलियों से लड़ाई का इनाम, छत्तीसगढ़ में 295 पुलिसवालों को बारी से पहले प्रमोशन



**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने नक्सलियों के खिलाफ लड़ने वाले पुलिसवालों को इनाम दिया है। सरकार ने ऐसे 295 पुलिसवालों को बारी से पहले प्रमोशन दिया है। इनमें से ज्यादातर पुलिसवाले बस्तर संभाग में तैनात हैं। डीजीपी अरुण देव गौतम ने गुरुवार को प्रमोशन का आदेश जारी किया।

छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों मुख्य रूप से बस्तर संभाग में तैनात निचले और मध्यम स्तर के अधिकारियों सहित 295 पुलिसकर्मियों को नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई में उनकी बहादुरी के लिए प्रमोशन दी है। गुरुवार शाम को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अरुण देव गौतम ने उनके प्रमोशन का आदेश जारी किया। गृह विभाग का प्रभार संभाल रहे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रमोशन के आदेश की तस्वीर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा करते हुए लिखा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में वीरता, साहस और समर्पण के साथ काम करने वाले छत्तीसगढ़ पुलिस के 295 पुलिसकर्मियों को उनकी बारी से पहले प्रमोशन पर बहुत-बहुत बधाई। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए आप सभी ने नक्सलवाद के खिलाफ अग्रिम मोर्चे पर लड़ते हुए अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया है। जवानों की भुजाओं की ताकत से बस्तर का भविष्य निश्चित रूप से विकास, खुशहाली, शांति और नए उत्साह से भरा होगा। एक अधिकारी ने बताया कि प्रमोशन पाने वाले पुलिसकर्मियों में से केवल एक जवान दुर्ग संभाग के मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में तैनात है।

# पाकिस्तान से सटे इन राज्यों मे चलेगा ऑपरेशन शील्ड, आपको भी रहना है तैयार



**जम्मू, एजेंसी।** पाकिस्तान से तनाव के बीच सीमावर्ती 6 राज्यों में शनिवार को ऑपरेशन शील्ड के तहत सुरक्षा की मॉक ड्रिल की जाएगी। इस ऑपरेशन शील्ड का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को युद्ध की स्थिति के लिए तैयार करना है। इसके हत यह बताया जाएगा कि युद्ध के समय खुद को और अपने आसपास के लोगों को कैसे बचाया जा सकता है।

### किन राज्यों में ऑपरेशन शील्ड

जम्मू-कश्मीर के सभी जिलों के साथ ही पंजाब, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा और चंडीगढ़ के सीमावर्ती जिलों में यह मॉक ड्रिल की जाएगी। पहले यह मॉक ड्रिल 29 मई को होनी थी लेकिन फिर इसे पोस्टपोन कर दियागया था। प्रशासन ने बताया कि अब तैयारियां पूरी हो गई हैं।

### हवाई हमलों से सुरक्षा

ऑपरेशन शील्ड के दौरान सायरन बजेंगे और कुछ देर के लिए ब्लैकआउट किया जाएगा। इन्वर्टर, सोलर लाइट और मोबाइल की टॉर्च के अलावा वाहनों की लाइट जलाने पर भी पाबंदी होगी। मॉक ड्रिल के दौरान लोगों से कहा गया है कि वे अपनी खिड़कियों के पर्दे भी बंद कर दें ताकि किसी तरह की रोशनी बाहर ना निकले। प्रशासन ने इसकी जानकारी लोगों तक पहले ही पहुंचा दी है ताकि लोगों में किसी तरह का पैनिक ना हो। यह मॉकड्रिल इसलिए कराई जा रही है ताकि एयरक्राफ्ट, ड्रोन या फिर मिसाइल हमले के वक्त लोगों को सुरक्षित बचाया जा सके। इस ड्रिल के तहत बेहद शांत तरीके से सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को बुलया जाएगा। इसके बाद इवैकुएशन ड्रिलल होगी। आपस में बातचीत के तरीकों को लेकर भी मॉक ड्रिल की जाएगी।

बता दें कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। इसके बाद बौखलाए पाकिस्तान ने भारत पर हमले शुरू कर दिए जिसका मुंहतोड़ जवाब दिया गया। पाकिस्तान की बौखलाहट और खीझ को देखते हुए ही यह मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही है। यह ड्रिल 7 मई वाली ड्रिल की तरह ही होगी।

### क्यों किया जाता है ब्लैकआउट

ऑपरेशन सिंदूर के तुरंत बाद सीमावर्ती जिलों में मॉकड्रिल की गई थी। पाकिस्तान की सीमा से सटे हुए राज्यों को रिस्क ज्यादा होता है। यहां हवाई हमले और ड्रोन से हमले होने की गुंजाइश ज्यादा होती है। ऐसे में सरकार का फोकस इन इलाकों में ज्यादा होता है। ब्लैकआउट से दुश्मन के लिए रिहाइशी इलाकों की पहचान कर हमला करना मुश्किल हो जाता है। इसीलिए मॉक ड्रिल के दौरान भी ब्लैकआउट किया जाता है।



### हरदोई में बारात से लौट रही कार खाई में पलटी, एक ही परिवार के 4 लोगों सहित 6 की मौत

**हरदोई , एजेंसी।** यूपी के हरदोई जिले में बड़ा हादसा हुआ है। यहां बारात से लौट रही एक तेज रफ्तार कार खाई में पलट गई। इसमें कार सवार 12 लोगों में चालक सहित पांच की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं एक युवक की मौत लखनऊ ट्रामा सेंटर में हो गई। मृतकों में चार एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। घटना से शादी की खुशियां मातम में बदल गई। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

हरदोई के नगर पंचायत पाली कस्बे के मोहल्ला पटियानीम निवासी सेवकराम कश्यप के बेटे नीरज की बारात शुक्रवार को कस्बा से मंझिला थाना क्षेत्र के गांव कुसुमा गई थी। शादी में शामिल होने सेवकराम के भतीजे जितेंद्र कश्यप अपने छोटे भाई आकाश, बेटे सिद्धार्थ, बहनोई जौहरी निवासी किलकिली थाना पाली के साथ गए थे। वहीं मोहल्ला के अन्य लोग भी गए थे। मिली जानकारी के अनुसार देर रात एक बजे के बाद द्वारचार और जयमाल का कार्यक्रम होने के बाद कुसुमा से घर आने के लिए जितेंद्र अपने बेटे सिद्धार्थ, भाई आकाश, बहनोई जौहरी समेत अन्य लोगों के साथ घर लौटने लगा। सभी लोग कार में सवार हो गए।

## महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के 84 नए मामले, ज्यादातर हल्के लक्षण

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में शुक्रवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 84 नए मामले सामने आए और इसके साथ ही, साल की शुरुआत से अब तक दर्ज मामलों की कुल संख्या बढ़ कर 681 हो गई। राज्य के सार्वजनिक आरोग्य विभाग ने यह जानकारी दी। यहां जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि ज्यादातर मरीजों में हल्के लक्षण हैं और लोगों को दहशत में आने की जरूरत नहीं है।



विभाग ने बताया कि नये मामलों में से मुंबई में 32, ठाणे जिले में दो, ठाणे नगर निगम क्षेत्र में 14, नवी मुंबई में एक, कल्याण-डोंबिवली नगर निगम क्षेत्र में एक, रायगढ़ जिले में दो, पनवेल में एक, नासिक शहर में एक, पुणे जिले में एक, पुणे नगर निगम में 19, पिंपरी चिंचवाड़ नगर निगम में तीन, सतारा में दो, कोल्हापुर जिले में एक, कोल्हापुर नगर निगम में एक और सांगली नगर निगम क्षेत्र में तीन मामले शामिल हैं। राज्य में कोविड-19 के 467 उपचाराधीन मरीज हैं, जबकि मुंबई में जनवरी 2025 से अब तक सामने आए मामलों की संख्या 411 है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि सभी मामले हल्के लक्षणों वाले हैं। जनवरी से अब तक 10,324 नमूनों की जांच की गयी जिनमें से 681 पॉजिटिव पाये गए। एक जनवरी से अब तक राज्य में कोविड-19 के सात मरीजों की मौत हुई है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि राज्य में कोरोना वायरस संक्रमण की जांच और उपचार की पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं तथा लोगों को दहशत में आने की जरूरत नहीं है।

## मिजोरम में भारी बारिश से भीषण तबाही, भरभराकर ढहे मकान; कई लोगों के मारे जाने की आशंका

**ऐज़ौल, एजेंसी।** पूर्वोत्तर के राज्यों में मॉनसून पहुंचने से पहले ही भारी बारिश हो रही है। मिजोरम और असम का भारी बारिश से बुरा हाल है। दक्षिणी मिजोरम के लॉन्गतलाई शहर में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में पांच मकान और एक होटल के ढह जाने से कई लोगों के मारे जाने की आशंका है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार रात करीब साढ़े 10 बजे लॉन्गतलाई के बाजार वेंग और चांदमारी इलाकों के सीमावर्ती इलाके में भूस्खलन की चपेट में आने से मकान और होटल ढह गए। उन्होंने कहा कि होटल में ठहरे म्यांमा के कई लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। अधिकारियों ने बताया कि लॉन्गतलाई जिले के सबसे बड़े नागरिक समाज संगठन 'यंग लाई एसोसिएशन' (वाईएलए) के स्वयंसेवकों के साथ-साथ राज्य आपदा मोचन बल (एसआरडीएफ) और तीसरी भारतीय रिजर्व बटालियन के कर्मी बचाव अभियान में जुटे हैं।



उन्होंने कहा कि घटना की विस्तृत जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। पूर्वोत्तर राज्य में शुक्रवार से मूसलाधार बारिश हो रही है, जिसके कारण कई स्थानों पर भूस्खलन और चट्टानें गिरने की घटनाएं हुई हैं।

**असम में भारी बारिश से स्कूल-कॉलेज बंद:** असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में बीते 48 घंटे से हो रही मूसलाधार बारिश के चलते असम की सरकार ने स्कूल और कॉलेजों को बंद करने का आदेश दिया है। इसके अलावा सरकारी कर्मचारियों के लिए भी आकस्मिक छुट्टी की घोषणा की है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से जारी परामर्श में कहा गया कि तेज बारिश ने राज्य के पश्चिमी और दक्षिणी हिस्से के जिलों को बुरी तरह प्रभावित किया है। बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में बने गहरे दबाव के कारण इन जिलों में 20-30 सेंटीमीटर से अधिक भारी बारिश हुई।

## सूडान के तीन शहरों पर अर्धसैनिक बलों के हमलों में 26 नागरिकों की मौत



**खार्तूम , एजेंसी।** सूडान सरकार ने घोषणा की है कि सूडान के पश्चिमी कोर्डोफान क्षेत्र के तीन शहरों पर अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के हमलों में कम से कम 26 नागरिक मारे गए। सूडान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, हाल के कुछ घंटों में, आरएसएफ मिलिशिया ने जानबूझकर नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाया है और निर्दोष लोगों की जान ली है।

मंत्रालय ने कहा, शुक्रवार को मिलिशिया ने अल-ओबेद शहर में अल-दमन अस्पताल को निशाना बनाया, जिसमें उपचार करा रहे 16 मरीजों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। मंत्रालय ने आगे कहा, बुधवार को मिलिशिया ने अल-खिवाई शहर में एक सार्वजनिक बाजार पर भी ड्रोन से हमला किया, जिसमें आठ नागरिक मारे गए। बयान में कहा गया कि आरएसएफ ने दक्षिण कोर्डोफान के अल-दीबाईबात कस्बे में एक आवासीय क्षेत्र को भी निशाना बनाया, जिसमें दो नागरिकों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, मंत्रालय ने आरएसएफ के हमलों की निंदा करते हुए कहा कि इन हमलों का एकमात्र उद्देश्य अधिकतम नागरिकों को क्षति पहुंचाना था। इन हमलों में नागरिकों, मानवीय संगठनों, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और आवश्यक सेवाओं को टारगेट किया गया। बयान में आगे आरएसएफ पर गुरुवार को उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी एल-फशर में विश्व खाद्य कार्यक्रम के गोदामों पर बमबारी करने और उनमें आग लगाने का आरोप लगाया, जिससे बड़ी मात्रा में खाद्य आपूर्ति नष्ट हो गई। सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) और आरएसएफ के बीच सशस्त्र संघर्ष कोर्डोफान क्षेत्र में तेज हो गया है, जिसमें उत्तर, पश्चिम और दक्षिण कोर्डोफान राज्य शामिल हैं। गुरुवार को आरएसएफ ने दक्षिण कोर्डोफान में अल-दीबात और पश्चिम कोर्डोफन में अल-खिवाई कस्बों पर नियंत्रण का दावा किया। सूडानी सेना ने अभी तक इस दावे पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अप्रैल 2023 से सूडान एसएएफ और आरएसएफ के बीच संघर्ष में उलझा हुआ है।

## अपने पूर्व के बयान से पलटा सीडीसी, बच्चों-गर्भवती महिलाओं को कोरोना वैक्सीन लेने की अनिवार्यता खत्म की



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सरकार ने बच्चों और गर्भवती महिलाओं को कोरोना वैक्सीन लेने की सलाह फिर से जारी की है। हालांकि बीते हफ्ते जो सलाह जारी की गई थी, उसके मुताबिक बच्चों और गर्भवती महिलाओं को अनिवार्य रूप से कोरोना वैक्सीन लेने की सलाह दी गई थी, लेकिन अब जो एडवाइजरी जारी हुई है, उसके मुताबिक अनिवार्यता की शर्त हटा ली गई है और लोगों के विवेक पर वैक्सीन लेने का फैसला छोड़ा गया है।

**सीडीसी की सलाह में किया गया बदलाव:** यह बदलाव अमेरिका के स्वास्थ्य मंत्री रॉबर्ट एफ केनेडी जूनियर के हालिया एलान के बाद हुआ है, जिसमें केनेडी ने कहा कि कोरोना वैक्सीन लेने की सलाह महिलाओं और 18 साल से कम उम्र के बच्चों को नहीं दी जाती है। केनेडी के एलान के बाद सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन की वेबसाइट पर भी सख्त भाषा को थोड़ा लचीला किया गया है और वैक्सीन लेनी है की बजाय वैक्सीन ले सकते हैं किया गया है। गर्भवती महिलाओं को कोरोना से खतरा ज्यादा है। बच्चों के लिए भी कोरोना संक्रमण को खतरनाक माना जाता है क्योंकि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। हालांकि पिछली महामारी के दौरान बच्चों में कोरोना के मामले औसतन कम देखे गए थे।

**डॉक्टर्स की सलाह लेने को कहा गया:** सीडीसी की सलाह में कहा गया है कि माता-पिता डॉक्टरों की सलाह के बाद बच्चों को कोरोना वैक्सीन दिला सकते हैं। गर्भवती महिलाओं को भी वैक्सीन देने से पहले विशेषज्ञ की सलाह लेने की अपील की गई है। सीडीसी की सलाह अमेरिकन एकेडमी ऑफ फैमिली फिजिशियन्स और अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स की सलाह के विपरीत है, जिन्होंने बच्चों और गर्भवती महिलाओं को कोरोना वैक्सीन देने की सलाह दी है और उनका कहना है कि यह पूरी तरह से सुरक्षित है।

# पूर्व जापानी पीएम की पत्नी से मिल कैमरे पर इमोशनल हुए राष्ट्रपति पुतिन

### मॉस्को घूमने के लिए ऑफर की अपनी कार

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की पत्नी अकी आबे के साथ मुलाकात के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का एक अलग ही चेहरा सामने आया है जिसमें वो बेहद भावुक नजर आ रहे हैं. राष्ट्रपति पुतिन के अच्छे दोस्त शिंजो आबे की जुलाई 2022 में चुनावी भाषण के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. पति की हत्या के बाद अकी आबे पहली बार रूस अकेले पहुंची जहां अपने पति को याद कर रूसी राष्ट्रपति पुतिन के सामने उनके आंसू नहीं रुक रहे थे.

पुतिन और अकी आबे की मुलाकात का एक वीडियो सामने आया है जिसमें रूसी राष्ट्रपति गुलाबी फूलों का बुके देकर उनका स्वागत कर रहे हैं. आबे से मुलाकात के दौरान पुतिन कह रहे हैं, मिस आबे, आपको यहां देखकर खुशी हुई. मुझे याद है, आपके पति जब भी रूस के आधिकारिक दौरे पर आते थे, आप उनके साथ होती थीं. 2019 में हुई हमारी मुलाकात मुझे याद है. शिंजो आबे को याद करते हुए पुतिन ने आगे कहा, रूस और जापान के रिश्तों को आगे ले जाने में आपके पति ने बहुत योगदान दिया. और मेरे उनके साथ बेहद अच्छे व्यक्तिगत रिश्ते थे. उनके बुलावे पर जापान यात्रा की मेरी यादें भी हैं. मैंने देखा कि वो रूस-जापान सहयोग को पूरी तरह बहाल करने के लिए तत्पर थे और उन्होंने इसके लिए बहुत कुछ किया भी. उनके कुछ हद तक अपने परिवार के रिवाज को आगे बढ़ाया क्योंकि उनके पिता भी जब 1980 के दशक में विदेश मंत्री थे तब रूस-जापान रिश्तों से वो यही चाहते थे. पुतिन ने रुंधे गले से आगे कहा कि एक आतंकवादी कृत्य ने उनके जीवन को छोटा कर दिया लेकिन उनकी याद, उनके काम रूस में संरक्षित हैं और मैं आपको यहां देखकर खुश हूं.



**क्या दुनिया फिर से विश्व युद्ध की तरफ बढ़ रही? :** जब राष्ट्रपति पुतिन बोल रहे थे तब अकी आबे अपने पति की याद में लगातार रोती दिखीं. शिंजो आबे जापान के सबसे लंबे समय तक पद पर रहने वाले प्रधानमंत्री थे. 8 जुलाई 2022 को वो जापान के नारा शहर में चुनावी भाषण दे रहे थे. तभी एक शख्स ने उन्हें गोली मार दी. आबे को दो गोलियां लगीं और अस्पताल में उन्होंने दम तोड़ दिया था.

**आबे की पत्नी को पुतिन ने ऑफर की अपनी कार:** रूस के सरकारी ब्रॉडकास्टर आरटी ने एक और वीडियो जारी किया है जिसमें अकी आबे एक कार में सवार होकर मॉस्को को बोल्शोई थियेटर में जा रही हैं. रूसी मीडिया ने बताया कि आबे जिस कार में सवार होकर थियेटर जा रही हैं वो राष्ट्रपति पुतिन की है. पुतिन ने उन्हें मॉस्को में यात्रा के लिए अपनी कार दी जिसमें बैठकर आबे मॉक्सो को आइकॉनिक थियेटर में जाती दिखीं. रूसी समाचार एजेंसी तास के मुताबिक, शिंजो आबे पुतिन के अच्छे दोस्त हुआ करते थे. दोनों नेता एक-दूसरे से 27 बार मिले और दोनों पुराने दोस्तों की तरह बात किया करते थे।

# देसी खेल में हुई झमाझम पैसों की बरसात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के सीजन 12 की नीलामी में एक नया रिकॉर्ड बना है। 31 मई 2025 को हुई नीलामी के पहले ही दिन 10 खिलाड़ियों को 1 करोड़ रुपये से ज्यादा में खरीदा गया। सीजन 10 की तुलना में इस बार दोगुने खिलाड़ियों को इतनी बड़ी रकम मिली है। मोहम्मदरेजा शादलू को गुजरात जाइंट्स ने सबसे ज्यादा 2.23 करोड़ रुपये में खरीदा।

- **प्रो कबड्डी लीग के ऑक्शन में ये 10 खिलाड़ी करोड़पति**

देवांक दलाल को बंगाल वॉरियर्स ने 2.205 करोड़ रुपये में अपनी टीम में शामिल किया। फाइनल बिड मैच (एफबीएम) नियम के चलते दबंग दिल्ली केसी ने आशु मलिक और पटना पाइरेट्स ने अंकित जागलान को वापस अपनी टीम में ले लिया। लीग कमिश्नर अनुपम गोस्वामी ने कहा कि यह पीकेएल की बढ़ती लोकप्रियता का नतीजा है।



पीकेएल सीजन 12 की नीलामी का पहला दिन कबड्डी के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में दर्ज हो गया। इस नीलामी में खिलाड़ियों पर जमकर पैसा बरसा। कुल 10 खिलाड़ी ऐसे रहे, जिन्हें 1 करोड़ रुपये से ज्यादा की बोली मिली। यह आंकड़ा पिछले सीजन के मुकाबले दोगुना है। इससे पता चलता है कि प्रो कबड्डी लीग की लोकप्रियता कितनी तेजी से बढ़ रही है और खिलाड़ियों की वैल्यू भी बढ़ रही है। बता दें कि प्रदीप नरवर अनसोल्ड रहे।

नीलामी की शुरुआत ही धमाकेदार रही। सीजन 11 के सबसे बेहतरीन खिलाड़ी मोहम्मदरेजा शादलू को गुजरात जाइंट्स ने 2.23 करोड़ रुपये में खरीदा। शादलू अब पीकेएल के इतिहास में पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्हें लगातार तीन सीजन में 2 करोड़ रुपये से ज्यादा की बोली मिली है। यह उनके शानदार प्रदर्शन का नतीजा है। देवांक दलाल, जो पीकेएल 11 के सबसे अच्छे रेडर थे, उन्हें भी करोड़पति बनने का मौका मिला। बंगाल वॉरियर्स ने उन्हें 2।205 करोड़ रुपये में खरीदा। इस बोली के साथ ही वे प्रो कबड्डी के इतिहास में पांचवें सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए।

इस नीलामी में एक नया नियम इस्तेमाल किया गया, जिसका नाम है फाइनल बिड मैच (एफबीएम)। इस नियम के तहत टीमें अपने पुराने खिलाड़ियों को नीलामी में लगी आखिरी बोली की रकम देकर वापस अपनी टीम में शामिल कर सकती हैं। दबंग दिल्ली केसी ने इसी नियम का फायदा उठाते हुए अपने स्टार रेडर आशु मलिक को 1.90 करोड़ रुपये में दो सीजन के लिए फिर से साइन कर लिया। पटना पाइरेट्स ने भी अंकित जागलान को 1.573 करोड़ रुपये में एफबीएम कार्ड के जरिए एक सीजन के लिए वापस अपनी टीम में शामिल किया।

### प्रो कबड्डी लीग 2025 ऑक्शन के पहले दिन करोड़पति बने 10 खिलाड़ी

- मोहम्मदरेजा शादलोई (ईरान)- 2.23 करोड़ रुपये, गुजरात जायंट्स
- योगेश दहिया (भारत)- 1.125 करोड़ रुपये, बेंगलुरु बुल्स
- आशु मलिक (भारत)- 1.90 करोड़ रुपये, दबंग दिल्ली के.सी.
- अर्जुन देशवाल (भारत)- 1.405 करोड़ रुपये, तमिल थलाइवाज
- देवांक दलाल (भारत)- 2.205 करोड़ रुपये, बंगाल वॉरियर्स
- अंकित जगलान (भारत)- 1.573 करोड़ रुपये, पटना पाइरेट्स
- गुमान सिंह (भारत)- 1.073 करोड़ रुपये, यूपी योद्धाज
- नितिन कुमार (भारत)- 1.002 करोड़ रुपये, जयपुर पिंक पैंथर्स
- सचिन तंवर (भारत)- 1.058 करोड़ रुपये, पुणेरी पल्टन
- नवीन कुमार (भारत)- 1.20 करोड़ रुपये, हरियाणा स्टीलर्स

## शुभमन गिल के लिए इंग्लैंड का दौरा कड़ी परीक्षा: सबा करीम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय चयनकर्ता सबा करीम का मानना है कि आगामी इंग्लैंड दौरा नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के लिए कड़ी परीक्षा जैसा होगा और कप्तान के रूप में उनकी सफलता उनके बल्लेबाजी प्रदर्शन पर निर्भर करेगी।



रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को कप्तान नियुक्त करके भारत ने टेस्ट क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत की। करीम ने कहा, 'यह उनके लिए एक परीक्षा है। मुझे यकीन है कि वह इसके लिए तैयार हैं। उन्हें बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अगर वह ऐसा करने में सफल रहते हैं तो इससे उनकी कप्तानी पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज़ को पूरा विश्वास है कि भारत की युवा टीम इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन करके अनुकूल परिणाम हासिल करेगी। उन्होंने कहा, 'मुझे इस युवा भारतीय टीम से अच्छे नतीजों की उम्मीद है। मैच वास्तव में प्रतिस्पर्धी होंगे और मुझे लगता है कि भारतीय खिलाड़ी इसके लिए तैयार हैं।

## ताइक्वांडो खिलाड़ी को नशीला लड्डू खिलाकर किया सामूहिक दुष्कर्म, घटना में मंदिर के पुजारी भी शामिल

**कानपुर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में 19 वर्ष की राष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी से आश्रम में सामूहिक दुष्कर्म की जानकारी सामने आई है। घटना जनवरी की है और रिपोर्ट के मुताबिक लड़की को नशीला लड्डू खिलाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। चार महीने बाद शिकायत दर्ज करवाई गई है। हालांकि कुछ रिपोर्ट्स में ऐसा भी कहना है कि पुलिस ने मामला



देर से दर्ज किया। कानपुर के गोविंद नगर की रहने वाली पीड़िता का दावा है कि वह पुराने कपड़े बेचने के लिए जगह तलाशते समय गोविंद महतो से मिली थी। महतो कथित तौर पर उसे आश्रम ले गया और उसे प्रभावशाली लोगों से मिलवाने का वादा किया, जो उसे जगह खोजने में मदद कर सकते थे। आश्रम में लड्डू दिए जाने के बाद वह बेहोश हो गई और उसके बाद आश्रम के महंत गोविंद महतो और कई अन्य लोगों ने उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया, जिसमें चार नामजद व्यक्ति भी शामिल हैं जो मंदिर के पुजारी हैं।

## केएल राहुल ने बीसीसीआई से भारत ए टीम में चयन का किया आग्रह, जल्द इंग्लैंड के लिए होंगे रवाना

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** खेल के सबसे बहुमुखी क्रिकेटरों में से एक केएल राहुल अपनी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स को प्रतियोगिता के प्लेऑफ में नहीं पहुंचा पाए। दिल्ली अंततः 5वें स्थान पर रही। हालांकि शीर्ष 4 में जगह बनाने में विफल रहने पर राहुल ने कथित तौर पर खुद को भारत ए के इंग्लैंड दौरे के लिए उपलब्ध कराकर अंतरराष्ट्रीय ड्यूटी में शामिल होने का फैसला किया है। राहुल ने कथित तौर पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से कहा है कि वह दूसरे अनौपचारिक टेस्ट में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए के लिए खेलना चाहते हैं।



श्रृंखला की शुरुआत 30 मई को कैंटरबरी में पहले मैच से हो गई है। हालांकि राहुल उस मैच के लिए समय पर टीम में शामिल नहीं हो सके, लेकिन कहा जा रहा है कि वह दूसरे मैच के लिए टीम में जगह बनाने के लिए उत्सुक हैं।

## आईपीएल फाइनल का बुखार

### अहमदाबाद में होटल फुल, किराए में 45 प्रतिशत की वृद्धि

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** आईपीएल क्वालिफायर 2 के लिए अब सभी रास्ते अहमदाबाद की ओर जा रहे हैं। इस उत्साह ने होटल और उड़ान दरों में 7 से 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। इजी माय ट्रिप के अनुसार, आईपीएल के 18वें सीजन के लिए कुल यात्रा बुकिंग में 30 से 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो पिछले सीजन की 20 से 25 प्रतिशत की वृद्धि को पीछे छोड़ चुकी है। शनिवार को अहमदाबाद में क्वालीफायर 2 होगा जिससे 3 जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले फाइनल में पहुंचने वाली टीमों का फैसला होगा। इन दो शहरों में प्रीमियम होटल के कमरे की कीमतें वर्तमान में 6,000 से 8,200 रुपए के बीच हैं, जबकि बजट विकल्प 2,200 से 5,200 रुपए के बीच हैं। वहीं, अहमदाबाद के लिए घरेलू हवाई किराए में लगभग 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी जा रही है। मैच के दिनों में बुकिंग में 1.5 गुना वृद्धि के कारण कीमतें और अधिक बढ़ी हैं।





फाइनल का स्थान कोलकाता से अहमदाबाद में बदलने के कारण भी फ्लाइट और नरेंद्र मोदी स्टेडियम के आसपास के होटलों की री-बुकिंग में वृद्धि हुई है। ईज़ माई ट्रिप के सीईओ और सह-संस्थापक रिकांत पिट्टी ने कहा कि फाइनल क्रिकेट पर्यटन के लिए एक चुंबक बन गया है और अहमदाबाद में इस सीजन में सबसे अधिक भीड़ देखी जा रही है। कॉक्स एंड किंग्स के निदेशक करण अग्रवाल ने कहा कि इस साल के आईपीएल फाइनल के लिए यात्रा की मांग पिछले सीजन की तुलना में निश्चित रूप से बढ़ी है। होटल और यात्रा अधिकारियों ने बताया कि स्टेडियम के आसपास बुकिंग में उछाल आया है, और कई होटल मैच के दिनों में पूरी तरह से बुक हो चुके हैं।

क्लियरट्रिप की मुख्य विपणन और राजस्व अधिकारी तवलीन भाटिया ने बताया कि अहमदाबाद के हवाई किराए में 1,000 रुपए की वृद्धि हुई है। बूकिंग डॉट कॉम के कंट्री मैनेजर संतोष कुमार ने कहा कि आईपीएल फाइनल के उत्साह के साथ, 29 मई से 3 जून के बीच अहमदाबाद के लिए खोज में साल-दर-साल 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इक्सिगो के सह-सीईओ रजनीश कुमार ने कहा कि मई के आखिरी सप्ताह और जून की शुरुआत में अहमदाबाद के लिए फ्लाइट बुकिंग में उछाल देखा जा रहा है। अहमदाबाद में 148 प्रतिशत और चंडीगढ़ में 111 प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि दर्ज की गई। यह स्पष्ट है कि प्रशंसक स्टेडियम के लाइव अनुभव का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हैं।

रैडिसन होटल ग्रुप के प्रबंध निदेशक निखिल शर्मा ने बताया कि 2 और 3 जून के लिए अहमदाबाद में मांग 35 प्रतिशत बढ़ी है और होटल की दरें महीने के बाकी दिनों की तुलना में 45 प्रतिशत अधिक हैं। रैडिसन ब्लू अहमदाबाद में सामान्य ऑक्यूपेंसी से 30 प्रतिशत अधिक बुकिंग देखी जा रही है। चंडीगढ़ में रैडिसन रेड मोहाली क्वालीफायर 1 और एलिमिनेटर के दौरान पूरी तरह से बुक रहा। कमरों की दरों में 65 से 75 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।


आईटीसी नर्मदा के क्लस्टर जनरल मैनेजर कीनन मैकेंजी ने कहा कि अहमदाबाद में लगभग सभी होटल उच्च ऑक्यूपेंसी देख रहे हैं और शहर खेल पर्यटन के एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। सरोवर होटल्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अक्षय थूसू ने बताया कि चंडीगढ़ में ऑक्यूपेंसी 70 से 75 प्रतिशत रही और अहमदाबाद में मैच के दिनों में 5 से 6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रॉयल ऑर्चिड होटल्स के अध्यक्ष अर्जुन बलजी ने कहा कि अहमदाबाद में रेजेंटा होटल में व्यापार में वृद्धि देखी गई है।

## अर्शदीप सिंह ने बताया अपना पसंदीदा आईपीएल मैच

### मुंबई के खिलाफ मुकाबले को बताया फेवरेट

**अहमदाबाद (गुजरात) (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस के खिलाफ क्वालीफायर दो मुकाबले से पहले पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने इंडियन प्रीमियर लीग के अपने पसंदीदा मैच के बारे में बताया जिसमें उन्होंने 2023 सीजन में मुंबई इंडियंस के खिलाफ हाई-स्कोरिंग मैच में 5 बार की चैंपियन के खिलाफ चार विकेट लिए थे।

श्रेयस अय्यर के लिए अब या कभी नहीं होगा क्योंकि उनकी फॉर्म में चल रही पीबीकेएस ने 13 मैचों में 9 जीत के साथ लीग चरण में शीर्ष स्थान हासिल किया था, वह क्वालीफायर एक में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से 8 विकेट से मिली करारी हार से उबरकर अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आरसीबी के खिलाफ खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की करने का लक्ष्य रखेगी।




अर्शदीप ने 2023 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले मैच को अपना पसंदीदा मैच बताया जिसमें 215 रनों का बचाव करते हुए उन्होंने 4/29 के स्पेल से मुंबई इंडियंस की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। स्पेल के सबसे खास पल में तिलक वर्मा और नेहल वढेरा के मिडिल स्टंप को लगातार दो गेंदों पर आधा तोड़ना शामिल था। उन्होंने कहा, जब मैंने पहली बार डेब्यू किया था। लेकिन मुझे लगता है कि सबसे अच्छा मैच वानखेड़े में मुंबई इंडियंस के खिलाफ था। मुंबई इंडियंस 220 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही थी और मैंने चार विकेट लिए और हमने मैच जीत लिया। इसलिए यह मेरे दिल के बहुत करीब है।

अर्शदीप ने दबाव से निपटने के बारे में बात करते हुए कहा कि दबाव की स्थिति में अपनी टीम द्वारा भरोसा किए जाने से उन्हें अच्छा लगता है और जिम्मेदारी का आनंद मिलता है। उन्होंने कहा, उस समय, मैं दबाव महसूस न करने और उस पल का आनंद लेने और टीम के लिए अच्छे परिणाम लाने की कोशिश करता हूं। ऐसा कुछ मौकों पर नहीं होता है, लेकिन मैं कोशिश करता हूं कि इसका मुझ पर असर न पड़े और जब मुझे अगले मैच में मौका मिलता है, तो मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता हूं और टीम के लिए मैच जीतता हूं।

## अदानी से अंबानी तक, विदेशी लीग्स में भारतीय स्वामित्व वाली टीमों में खेल रहे पाकिस्तानी खिलाड़ी



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पहलगांव में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने आतंकियों और उन्हें पहनाह देने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा रूप अपनाया है जिसमें ट्रेड से लेकर खेल तक का बहिष्कार शामिल हैं। मुंबई आतंकी हमले के बाद से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पाक खिलाड़ी प्रतिबंधित है और कोई द्विपक्षीय श्रृंखला भी नहीं हो रही। लेकिन विदेशी लीग्स में यहां भारतीयों की हिस्सेदारी है, उसमें पाकिस्तानी खिलाड़ी खरीदे जा रहे हैं और टीम में खेल रहे हैं। विश्व भर में टी20 लीग्स में मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, दिल्ली कैपिटल्स आदि की हिस्सेदारी है और इसमें पाकिस्तानी खिलाड़ी टीम का हिस्सा हैं।

### मालिक -रिलायंस ग्रुप

- पाक मूल के खिलाड़ी - मुहम्मद वसीम, मोहम्मद रोहिद खान और जहूर खान

### शारजाह वारियॅर्स

- **मालिक** - कैपरी ग्लोबल होल्डिंग्स (राजेश शर्मा)
- **पाक मूल के खिलाड़ी** - जुनैद सिद्दीकी, मोहम्मद जवादुल्लाह और रोहन मुस्तफा

### गल्फ जायंट्स

- **मालिक** - अवाणी ग्रुप
- पाक मूल के खिलाड़ी सगहीर खान

### दुबई कैपिटल्स

- मालिक - जी. मल्लिकार्जुन राव, सज्जन जिंदल
- पाक मूल के खिलाड़ी- शाहरुख अहमद, आकिफ रजा, फरहान खान और हैदर अली
- इंटरनेशल लीग टी-20 - यूएई

### अबुधाबी नाइट राइडर्स

- मालिक केकेआर - शाहरुख खान, जूही चावला, जय मेहता
- अली खान (पाक मूल)
- इबरार अहमव (पाकिस्तान)

### सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न

- मालिक - आनंद राजरमन, वैंकी हरिनारायण
- पाक मूल के खिलाड़ी - हैरिस रऊफ, मोहम्मद आजम, हसन खान

### वाशिंगटन फ्रीडम

- मालिक - संजय गोविल
- पाक मूल का खिलाड़ी - मुख्तार अहमद

### लॉस एंजेल्स नाइट राइडर्स

- मालिक - केकेआर (शाहरुख खान, जूही चावला, जय मेहता)
- पाक मूल के खिलाड़ी सैफ बदर, अली खान

### मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क

- मालिक - रिलायंस ग्रुप
- पाक मूल के खिलाड़ीः एहसान आदिल

### टेक्सास सुपर किंग्स

- मालिकः चेन्नई सुपरकिंग्स (एन. श्रीनिवासन
- (पाक मूल) जिया उल हक, मोहम्मद मोहसिन

### सियेटल ऑरकॉस

- मालिक - सत्य नाडेला, माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ
- सोम सोमसेगर, मैडरोना वेंचर
- शायन जहांगीर, पाक मूल के खिलाड़ी

### लॉस एंजेल्स नाइट राइडर्स

- मालिक - कोलकाता नाइट राइडर्स
- पकिस्तान की अंडर-19 टीम का हिस्सा रहे चुके - सैफ बदर

### सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न टीम

- मालिक - चेन्नई में जन्मे वेंकटेश व आनंद राजारमन
- पाक खिलाड़ी - हैरिस रऊफ व अबरार अहमद

### एमआइ न्यूयॉर्क

- मालिक - रिलायंस ग्रुप की टीम मुंबई इंडियंस
- पाक के लिए खेल चुके - एहसान आदिल

### वॉशिंगटन फ्रीडम

- मालिक - संजीव गोविल
- पाकिस्तान के लिए खेल चुके - मुख्तार अहमद

## बुमराह ने ठुकराई 'जोकर' वाली शैली, कोहली पर साधा निशाना

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क के पॉडकास्ट पर विराट कोहली पर अप्रत्यक्ष रूप से कटाक्ष किया। क्लार्क ने सवाल किया कि कोई 150 किमी/घंटा की गति से गेंदबाजी कैसे कर सकता है और फिर भी मैदान पर 'सबसे अच्छा आदमी' कैसे हो सकता है। इसके जवाब में बुमराह ने कहा, मेरे अंदर प्रतिस्पर्धी भावना है और मैं जीतने के लिए खेलता हूं, लेकिन मैं अपनी सीमा को पार नहीं करना चाहता। आपको प्रतिस्पर्धी होना चाहिए, लेकिन जोकर बनने की जरूरत नहीं है। बुमराह का यह बयान कोहली की मैदान पर उग्र और आक्रामक शैली की ओर इशारा करता प्रतीत होता है, जिसने प्रशंसकों को हैरान कर दिया। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, और क्लार्क की हंसी ने इसे और रोचक बना दिया।



विराट कोहली की मैदान पर आक्रामकता उनकी पहचान है। उनकी तीव्र ऊर्जा, साहसिक उत्सव, और निडर टकराव उन्हें क्रिकेट के सबसे भयंकर प्रतियोगियों में से एक बनाते हैं। वह अपनी आक्रामकता से टीम का मनोबल बढ़ाते हैं और विरोधियों पर दबाव बनाते हैं। दूसरी ओर, बुमराह ने अपनी शांत और पेशेवर शैली से मैदान पर अलग पहचान बनाई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह तीव्रता के साथ खेलते हैं, लेकिन अनावश्यक नाटक या आक्रामकता से बचते हैं। हाल ही में, बुमराह ने अपनी गेंदबाजी से एक बार फिर साबित किया कि वह भारत के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज क्यों हैं।



# 'रामायण' के लिए नॉरिस से स्टंट सीख रहे यश, 'लंकापति रावण' के किरदार में आएंगे नजर

अभिनेता यश जल्द ही नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही फिल्म 'रामायण' में लंकापति रावण की भूमिका में नजर आएंगे। ताजा जानकारी के अनुसार, वह रावण के किरदार के लिए 'मैड मैक्स' फेम मास्टर नॉरिस से स्टंट सीख रहे हैं। वैरायटी डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, यश ने 'रामायण' के लिए शूटिंग इसी साल शुरू की है। प्रोजेक्ट में 'फ्यूरियोसा- ए मैड मैक्स सागा', 'मैड मैक्स- फ्यूरी रोड' और 'द सुसाइड स्क्वाड' के स्टंट निर्देशक गाय नॉरिस को शामिल किया गया है। वह फिल्म के एक्शन दृश्यों को कोरियोग्राफ करेंगे। नॉरिस वर्तमान में भारत में हैं और यश के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। वहीं, टीम ऐसे सेट को तैयार करने में जुटी हुई है, जो भव्य हो। 'रामायण' की कहानी पर नजर डालें तो यह भगवान श्री राम के 14 साल के वनवास पर आधारित है, जिसके दौरान लंकापति रावण उनकी पत्नी सीता का अपहरण कर लेता है, जिसके बाद युद्ध होता है। इस फिल्म में युद्ध के दृश्यों को बड़े पैमाने पर फिल्माया जा रहा है। एक्शन कोरियोग्राफी जबरदस्त है। इन दृश्यों में ग्रीन स्क्रीन तकनीक और वीएफएक्स का भी बड़े स्तर पर इस्तेमाल किया गया है। दो भागों में बन रही इस फिल्म का निर्देशन नितेश तिवारी कर रहे हैं।

रामायण में भगवान राम की भूमिका रणबीर कपूर निभा रहे हैं, जबकि साई पल्लवी माता सीता का किरदार निभाती नजर आएंगी। रणबीर और साई पल्लवी पहले ही मुंबई में अपने हिस्से की शूटिंग कर चुके हैं। यश इस फिल्म में खास परिधानों में नजर आएंगे, जिन्हें हरप्रीत और रिम्पल ने डिजाइन किया है। खास बात यह है कि उनके कपड़े असली सोने की जरी से बनाए गए हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, रावण का राज्य लंका सोने का नगर माना जाता था, इसलिए फिल्म में उनके परिधानों को भी उसी हिसाब से तैयार किया गया है। 'रामायण' को दो भागों में बनाया जा रहा है। पहला भाग दीपावली 2026 में रिलीज होगा, जबकि दूसरा भाग दीपावली 2027 में आएगा। रामायण में यश, रणबीर कपूर, साई पल्लवी के साथ लारा दत्ता, सनी देओल और इंदिरा कृष्णा भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे।



# वीर पहाड़िया को डेट कर रहीं हैं तारा सुतारिया?

बॉलीवुड में इन दिनों एक नए कपल के बनने की खबरें जोरों-शोरों से चल रही हैं। हाल ही में खबर आई हैं कि एक्टर वीर पहाड़िया और तारा सुतारिया एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। हालांकि दोनों ने अभी तक अपने रिश्ते की ऑफिशियल पुष्टि नहीं की है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक उनका रिश्ता अभी शुरुआती दौर में है।

## एक दूसरे को डेट कर रहे तारा और वीर?

बॉलीवुड गलियारों में इन दोनों की डेटिंग की खबरों ने जोर पकड़ लिया है ।रिपोर्ट में दावा किया गया है कि दोनों कुछ महीने पहले ही डेटिंग शुरू कर चुके हैं और एक-दूसरे को बेहतर तरीके से समझने की कोशिश कर रहे हैं। मुंबई के एक रेस्टोरेंट के बाहर दोनों को एक साथ देखा गया था, जिससे उनके बीच के कनेक्शन को लेकर कयास लगने शुरू हो गए।

## सारा को भी डेट कर चुके हैं वीर

वीर पहाड़िया की पिछले रिलेशनशिप की बात करें तो वो पहले सारा अली खान के साथ रिश्ते में थे, जो फिल्म स्काई फोर्स में उनकी को-स्टार भी थीं। इसके बाद खबरें आईं कि उन्होंने पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर को भी डेट किया था। इन दोनों के मुंबई के अंबानी वेडिंग में साथ दिखने से अफवाहें और तेज हो गई थीं।

आदर जैन के साथ रिलेशनशिप में थीं तारा वहीं, तारा सुतारिया ने करीना कपूर खान के कजिन ब्रदर आदर जैन को लंबे समय तक डेट किया है। आदर जैन ने फरवरी 2025 में तारा की करीबी दोस्त रहीं आलेखा अडवाणी से शादी कर ली है। इसके बाद तारा के अरुणोदय सिंह के साथ डेटिंग के भी चर्चे रहे, लेकिन उन्होंने इसे महज दोस्ती बताया और अफवाहों का खंडन किया।

## वीर पहाड़िया ने की बात

'जूम' के साथ एक एक्सक्लूसिव बातचीत में वीर ने मीडिया में चल रही अफवाहों पर अपनी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने बताया कि बचपन में उन्हें इन बातों से बहुत फर्क पड़ता था, खासकर जब उनके परिवार के निजी मामलों को लेकर खबरें छपती थीं। लेकिन अब वो इन बातों को लेकर ज्यादा परेशान नहीं होते। वो समझते हैं कि यह पब्लिक लाइफ का हिस्सा है और अब वो इस पर ज्यादा ध्यान नहीं देते।





# करण जौहर की फिल्म 'लग जा गले' में जान्हवी कपूर संग पहली बार बनी टाइगर श्रॉफ की जोड़ी

जान्हवी कपूर ने अपने करियर की शुरुआत एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'धड़क' से की थी। इस फिल्म के प्रोड्यूसर करण जौहर थे। हाल ही में वह करण जौहर की फिल्म 'होमबाउंड' को लेकर भी चर्चा में रही हैं, इस फिल्म के प्रोड्यूसर भी करण जौहर हैं। जान्हवी अगले साल रिलीज होने वाली फिल्म 'लग जा गले' में नजर आएंगी, इसे भी करण जौहर ही प्रोड्यूस कर रहे हैं। इस फिल्म में जान्हवी का हीरो कौन होगा? इसकी जानकारी भी मिली है। एक्टर टाइगर श्रॉफ फिल्म 'लग जा गले' में जान्हवी कपूर के अपोजिट नजर आएंगे। यह दोनों पहली बार किसी फिल्म में साथ एक्टिंग कर रहे हैं। फिल्म को राज मेहता निर्देशित करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह एक बदला लेने वाली लव स्टोरी होगी। इस फिल्म में एक्शन भी खूब होगा।

## कब शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

इन दिनों टाइगर श्रॉफ फिल्म 'बागी 4' में व्यस्त हैं और जान्हवी कपूर 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में व्यस्त हैं। दोनों जब इन फिल्मों से फ्री हो जाएंगे तो ही फिल्म 'लग जा लगे' की शूटिंग शुरू करेंगे। सूत्रों के अनुसार इस फिल्म की शूटिंग इस साल के आखिर में शुरू होने की उम्मीद है।

## टाइटल को कैसे चुना गया

जान्हवी कपूर की फिल्म 'लग जा गले' का टाइटल लंबे डिस्कशन के बाद तय किया गया। आखिर में 'लग जा गले' टाइटल फाइनल हुआ क्योंकि यह फिल्म की कहानी पर फिट बैठता है। यह फिल्म अगले साल यानी 2026 में रिलीज हो सकती है।

## इन फिल्मों में भी जान्हवी आएंगी नजर

जान्हवी कपूर की अगली फिल्म 'परम सुंदरी' है। इस फिल्म में वह सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ नजर आएंगी। 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' नाम की फिल्म भी जान्हवी कर रही हैं। इसके अलावा अगले साल रिलीज होने वाली एक साउथ फिल्म 'पेड्डी' में भी जाहन्वी अभिनय करती नजर आएंगी। इस फिल्म में वह राम चरण के साथ नजर आएंगी।



# तलाक के बाद पूरी तरह से बदल गई धनश्री की जिंदगी



कोरियोग्राफर, अभिनेत्री और यूट्यूबर धनश्री वर्मा पिछले दिनों क्रिकेटर युजवेंद्र चहल से अपने तलाक को लेकर काफी चर्चाओं में रही थीं। इस दौरान उन्हें ट्रोलिंग का भी सामना करना पड़ा था। अब धनश्री ने चहल से तलाक के बाद अपनी जिंदगी और ट्रोलिंग को लेकर बात की है।

## मैं हमेशा से मेहनती रही हूं

हालिया बातचीत में धनश्री ने तलाक के बाद अपने जीवन में आए बदलाव पर बात करते हुए कहा कि तलाक के बाद वह पूरी तरह से बदल गई हैं। साथ ही उन्हें ट्रोलिंग से कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि उन्होंने खुद को मजबूत बनाया है। धनश्री ने कहा, ट्रोलिंग मुझे बिल्कुल भी परेशान नहीं करती है क्योंकि मैंने खुद को अंदर से मजबूत कर लिया है। मैंने खुद को इस हद तक सुरक्षित रखा है कि बाहरी शोर मुझे परेशान नहीं करता। मैं हमेशा से एक मेहनती व्यक्ति रही हूं। अब मैंने अपनी लाइफस्टाइल को पूरी तरह से बदल दिया है और आंतरिक शक्ति, अनुशासन, व्यायाम और अच्छे खाने पर ध्यान केंद्रित किया है। खुद को ऐसे लोगों के साथ रखा है जो मुझे प्यार करते हैं और मेरा सम्मान करते हैं।

## मैंने ओर लोगों को मजबूत बनने के लिए प्रेरित किया है

अपने मुश्किल वक्त को लेकर धनश्री ने आगे कहा, इस मुश्किल दौर में मैंने अपनी भावनाओं को अपने हुनर यानी डांस में ढालने का प्रयास किया है। मुझे उम्मीद है कि मैंने और लोगों को ताकत को अपना हथियार बनाने के लिए प्रेरित किया है। मैंने जो सबसे बड़ी चीज सीखी है, वह है आत्मनिर्भरता का महत्व और मेरे माता-पिता ने एक मजबूत बेटी की परवरिश की है। यह कुछ नया सीखने और खुद को मजबूत बनाने का वक्त रहा। मुझे मेरे बारे में किसी भी गलत धारणा पर सफाई देने की कोई जरूरत नहीं है। क्योंकि इससे केवल और अधिक अटकलें ही लगती हैं। मुझे लगता है कि प्यार जीवन का सबसे खूबसूरत पहलू है।

## 2020 में युजवेंद्र चहल से की थी शादी

धनश्री वर्मा ने साल 2020 में भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल से शादी की थी। हालांकि, शादी के कुछ साल बाद ही दोनों के रिश्ते में अनबन की खबरें आने लगी थीं। इसके बाद इसी साल मार्च में दोनों ने तलाक ले लिया। अब दोनों के रास्ते पूरी तरह से अलग हैं।



# अभिषेक बच्चन के लिए हाउसफुल-5 क्यों है एक बड़ा हाउसफुल

**बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन इन दिनों अपने करियर के एक नए और सफल मुकाम पर हैं। उनकी आने वाली फिल्म हाउसफुल 5 को लेकर जो उत्साह दिख रहा है, वह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि जब चार्म, टैलेंट और कंसिस्टेंसी एक साथ आती है, तो वे कभी भी ट्रेंड से बाहर नहीं होतीं।**

अभिषेक बच्चन की हालिया सफलताएँ और उनका बदला हुआ पब्लिक अवतार इस बात की गवाही देते हैं कि यह उनके लिए वास्तव में एक हाउसफुल दौर है। पिछले कुछ वर्षों में अभिषेक बच्चन ने अपनी बेहतरीन परफॉर्मेंस और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर दी गई ब्लॉकबस्टर हिट्स के ज़रिए खुद को एक गंभीर और बहुमुखी अभिनेता के रूप में स्थापित किया है। युवा में उनके इंटेंस किरदार से लेकर मनमर्ज़ियां और लूडो में उनकी सधी हुई एक्टिंग, बॉब बिस्वास में उनका चौंकाने वाला ट्रांसफॉर्मेशन, या फिर घूमर में उनका दमदार और भावुक रोल अभिषेक ने हर बार दर्शकों और समीक्षकों को प्रभावित किया है। ओटीटी पर भी उनकी सफलता का ग्राफ लगातार चढ़ा है। दसवीं में उनके प्रदर्शन को न सिर्फ़ शानदार रिव्यूज़ मिले, बल्कि यह नेटफ्लिक्स पर नंबर वन ट्रेंड भी कर रही थी। हाल ही में बी हैप्पी ने भी अमेज़न प्राइम वीडियो पर टॉप स्पॉट हासिल किया। वहीं, आई वांट टू टॉक में उनके काम ने एक और उपलब्धि उनके नाम की, आलोचकों और दर्शकों से भरपूर सराहना मिली और कई अवॉर्ड्स भी उन्हें मिले। यह ओटीटी पर उनकी मजबूत पकड़ और कंटेंट-ड्रिवन सिनेमा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सिर्फ़ उनकी एक्टिंग ही नहीं, बल्कि खुद अभिषेक बच्चन भी आजकल खूब सुर्खियों में हैं। हाल की उनकी पब्लिक अपीयरेंसेज़ ने फैंस और इंटरनेट को चौंका दिया है। हमेशा से अपने चार्म और सहज व्यक्तित्व के लिए जाने जाने वाले अभिषेक अब एक नए दौर की एफ़र्टलेस हॉटनेस के पोस्टर बॉय बनते नज़र आ रहे हैं। फिर चाहे वो किसी ट्रेलर लॉन्च पर हों या आम जनता के बीच, ओजी ब्लफ़मास्टर ऐसे लुक पेश कर रहे हैं जो एक-एक फ्रेम में इंटरनेट पर धूम मचा रहे हैं। उनका आत्मविश्वास, स्टाइल और स्वैगर अब उनके अभिनय के साथ-साथ उनके सार्वजनिक व्यक्तित्व का भी एक अभिन्न अंग बन गया है। कुल मिलाकर, प्रतिभा से लेकर स्वैगर तक - यह अभिषेक बच्चन के लिए आधिकारिक तौर पर हाउसफुल है। हाउसफुल 5 में उनकी एंट्री उनके करियर के इस सफल दौर को और गति देगी, जहाँ वे एक बार फिर बड़े परदे पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

# इस महीने 'बॉर्डर 2' की शूटिंग शुरू करेंगे दिलजीत दोसांझ

साल 1997 की सुपरहिट फिल्म 'बॉर्डर' के दूसरे पार्ट की मेकिंग इन दिनों जारी है। इस फिल्म में सनी देओल तो लीड रोल में नजर आएंगे। साथ ही वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। जल्द ही इस फिल्म की शूटिंग दिलजीत दोसांझ बाकी को-एक्टर्स के साथ शुरू करेंगे। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार दिलजीत दोसांझ 10 जून से फिल्म 'बॉर्डर 2' की शूटिंग शुरू करेंगे। इस फिल्म में वह सनी देओल के साथ स्क्रीन शेयर करने वाले हैं। सनी देओल अपने किरदार की काफी हद तक शूटिंग पूरी कर चुके हैं। दिलजीत अब जून में सनी के साथ शूटिंग करेंगे और जुलाई में वरुण धवन के साथ शूटिंग करेंगे। फिल्म 'बॉर्डर 2' की कहानी की जहां तक बात है तो यह इस बार 1971 के वॉर पर आधारित होगी। भारतीय सैनिकों और सैन्य अधिकारों ने इस युद्ध में जिस शौर्य का परिचय दिया था, वही सब इस फिल्म में दिखाया जाएगा। 'बॉर्डर' फिल्म की बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है तो इस बात का फायदा नई फिल्म को भी मिलेगा। दिलजीत दोसांझ फिल्म 'बॉर्डर 2' में निर्मल जीत सिंह सेखों का किरदार निभा रहे हैं, वह इंडियन एयरफोर्स के अधिकारी थे और 1971 के युद्ध में अपने शौर्य के लिए याद किए जाते हैं।



स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 2442 42 से प्रकाशित।
संपादक- अनुज कुमार, R.N.I.No.- UPHIN/25/RAA18, मो0.945688 4327 , E-mail- officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।